



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2021-2023

वर्ष 35 अंक 32 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 01 नवंबर 2023 डाक 02 नवंबर 2023 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



विविधा — अमृतसर में करवा चौथ त्योहार से पहले महिलाएं अपने हाथों को मेहंदी से सजाती हुई





देश-विदेश — अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिन आज रखेंगी करवा चौथ व्रत, अमृत योग के विशेष संयोग में दिखेगा चांद





कोरिया -रायपुर — भारत में लोकतंत्र की आत्मा है निष्पक्ष मतदान:सीईओ




# महाराष्ट्र में हिंसा का दौर जारी, प्रदर्शनकारियों ने मंत्री हसन मुश्रीफ की कार में तोड़फोड़ की, नांदेड़ में एसपी घायल

**मुंबई, 01 नवंबर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहा है। इस दौरान प्रदर्शन किए जा रहे हैं। नांदेड़ जिले के पुलिस अधीक्षक श्रीकृष्ण कोकाटे मराठा आरक्षण की मांग के समर्थकों द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान पथराव में घायल हो गए। इसकी जानकारी एक अधिकारी ने दी। मराठा आरक्षण को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। कल पुणे शहर में नवले ब्रिज के पास मराठा आरक्षण समर्थक विरोध प्रदर्शन हुआ। इस दौरान पुणे-बेंगलुरु राष्ट्रीय राजमार्ग 48 को अवरुद्ध करने और टायर जलाने के लिए 400-500 (लगभग) लोगों पर मामला दर्ज किया है। पुणे पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक, अब तक 10 लोगों की पहचान की जा चुकी है और अन्य की पहचान करने की प्रक्रिया जारी है। प्रदर्शनकारियों पर सिंहगढ़ रोड पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 143, 146, 188,336 के तहत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि यह घटना जिले के कुशनूर इलाके में हुई जहां सैकड़ों मराठा कार्यकर्ता समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर एकत्र हुए थे।अधिकारी ने बताया कि कोकाटे ने आंदोलनकारियों से शांति बनाए रखने की अपील की लेकिन उन पर पत्थर फेंके गए और उनके हाथ में चोट लग गई।



उन्होंने बताया कि घटना में कम से कम 40 लोगों को हिरासत में लिया गया है।25 अक्टूबर को आरक्षण की मांग को लेकर कार्यकर्ता मनोज जारंगे द्वारा भूख हड़ताल शुरू करने के बाद मराठा समुदाय का आंदोलन तेज हो गया है और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में हिंसक रूप ले लिया है। मराठा आरक्षण के लिए नारे लगा रहे दो लोगों को मुंबई के कोलाबा में आकाशवाणी के पास विधायकों के आवास पर राज्य मंत्री और राकांपा नेता हसन मुश्रीफ की कार में तोड़फोड़ करते देखा गया। पुलिस ने इस सिलसिले में तीन लोगों को हिरासत में लिया है। इसकी जानकारी पुलिस ने दी।

## मराठा आरक्षण पर महाराष्ट्र में हिंसा जारी सर्वदलीय बैठक में उद्धव ठाकरे को न्योता नहीं



**मुंबई, 01 नवंबर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण आंदोलन को लेकर बवाल जारी है। प्रदर्शनकारी जगह-जगह हिंसा कर रहे हैं। अब नांदेड़ में पुलिस पर पथराव की सूचना है। यहां पुलिस अधीक्षक घायल हो गए हैं। इससे पहले बीड और उस्मानाबाद में प्रदर्शनकारी उग्र हो गए थे। आगजनी और लूट की घटनाओं के बाद से दोनों स्थानों पर कर्फ्यू लगा और इंटरनेट बंद है।

इस बीच, पूरे मामले में मंथन के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस पर भी विवाद शुरू हो गया है। शिवसेना (यूबीटी) का कहना है कि बैठक में उद्धव ठाकरे और उनके समर्थक विधायकों को नहीं बुलाया गया है। शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने इस संबंध में अपने एक्स हेंडल पर पोस्ट किया। राउत ने लिखा, एक ऐसी पार्टी को बुलाया गया है, जिसका कोई विधायक नहीं है, जबकि हमारे पास 16 विधायक और 6 सांसद है। क्या करें ऐसी सरकार का। महाराष्ट्र जल रहा है और ये राजनीति कर रहे हैं।

## टीडीपी, टीएनएसएफ नेताओं ने चंद्रबाबू की हिरासत से रिहाई का जश्न मनाया

**तिरूपति।** टीडीपी और टीएनएसएफ कार्यकर्ताओं ने अपने नेता और पूर्व सीएम एन चंद्रबाबू नायडू की अंतरिम जमानत की सराहना की। एपी उच्च न्यायालय द्वारा नायडू को अंतरिम जमानत दिए जाने के तुरंत बाद, उन्होंने यहां पार्टी के संस्थापक और पूर्व सीएम एनटी रामा राव की प्रतिमा के पास चंद्रबाबू नायडू के चित्र को दूध से स्नान कराकर और पटाखे चलाकर इस अवसर का जश्न मनाया। पूर्व विधायक एम सुगुनम्मा, पार्षद आरसी मुनिकृष्ण, वूका विजया कुमार, डी भास्कर यादव, पी श्रीधर वर्मा और अन्य उपस्थित थे। उन्होंने चंद्रबाबू के पक्ष में नारे लगाए और 53 दिनों की न्यायिक हिरासत के बाद उनकी रिहाई पर खुशी जताई। इससे पहले, जेएसपी चित्तूर जिला अध्यक्ष डॉ. पसुपुलेटी हरिप्रसाद के साथ, उन्होंने अलीपिरी पडाला मंडपम में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी की पूजा की।

## इस्राइल ने शरणार्थी शिविर पर की बमबारी, 50 की मौत, गाजा में आईडीएफ के दो सैनिकों की गई जान



**यरुशलेम, 01 नवंबर [एजेंसी]।**

इस्राइल और हमास के बीच युद्ध जारी है, जिसमें अब तक साढ़े नौ हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि उत्तरी गाजा के जबालिया शरणार्थी शिविर पर इस्राइल ने हमला कर दिया। हमले में 50 लोगों की मौत हो गई तो वहीं 150 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। हालांकि, अब तक इस हमले को लेकर इस्राइल की ओर से कोई बयान नहीं आया है। वहीं, गाजा में हमास आतंकियों ने इस्राइली सेना के जवानों की भी जान ली है। इस्राइली लोगों ने अपहरणों और हत्याओं के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय में अपील दायर की है। मिस्र ने इस्राइली हवाई हमलों को अमानवीय बताया है। मिस्र ने कहा कि यह हमला अतंरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है। इस्राइल अस्पताल, शरणार्थी शिविरों पर हमला करता है। मिस्र ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इजरायली हमलों को रोकने और गाजा के निवासियों को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। मिस्र के अलावा, जॉर्डन ने भी कड़े शब्दों में इस्रायली हमले की निंदा की। वहीं, सऊदी अरब ने कहा कि इस्राइल सुरक्षा बल बार-बार जहां नागरिक है, वहीं हमला कर रहा है। यह गलत है।

गाजा में हमास के हमले के कारण इस्राइली रक्षा बल के दो जवानों की मौत हो गई है। आईडीएफ ने मृतकों सैनिकों की पहचान सार्जेंट रामत गण और सार्जेंट रोई वोल्फ के रूप में की है। दोनों सैनिकों की उम्र महज 20 साल थी। आईडीएफ का कहना है कि उत्तरी गाजा में दोनों जवान मारे गए हैं। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने के दोषी सेना के मेजर को बर्खास्त किया



**नईदिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सामरिक बल कमान (एसएफसी) में तैनात भारतीय सेना के एक मेजर को उच्च स्तरीय जांच में निर्धारित राष्ट्रीय सुरक्षा मानदंडों के उल्लंघन का दोषी पाए जाने के बाद सेवा से बर्खास्त कर दिया है। रक्षा सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।सूत्रों ने कहा कि सेना ने मार्च 2022 में मेजर की गतिविधियों की जांच शुरू की थी और तब संवेदनशील जानकारी साझा करने सहित संदिग्ध गतिविधियों में मेजर की कथित संलिप्तता का पता चला था। सूत्रों ने कहा कि राष्ट्रपति, जो तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर भी हैं, ने सेना अधिनियम, 1950 के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए लगभग एक सप्ताह पहले मेजर की सेवाओं को समाप्त करने के आदेश पर हस्ताक्षर किए।

## वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 100 रु की बढ़ोतरी, दो महीने में दूसरी बार बढ़े दाम



**नईदिल्ली, 01 नवंबर [एजेंसी]।**

सरकारी तेल कंपनियों ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में वाणिज्यिक एलपीजी के दाम में 100 रुपये की बढ़ोतरी की है। पिछले दो महीनों में दूसरी बार वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। अक्तूबर में कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी के दाम में 209 रुपये की बढ़ोतरी की थी। इस बढ़ोतरी के एलपीजी सिलेडरों की कीमत तब 1731.50 रुपये हो गई थी। कीमत में नई बढ़ोतरी के बाद अब दिल्ली में 19 किलो वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर का दाम 1,731 से बढ़कर 1,833 रुपये हो गया है। वहीं मुंबई में इसकी कीमत 1,785.50 रुपये, कोलकाता में 1,943 रुपये और चेन्नई में 1999.50 रुपये हो गई है। अक्तूबर में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत मुंबई में 1,684 रुपये, कोलकाता में 1,839.50 रुपये और चेन्नई में 1,898 रुपये थी।

एक सितंबर को तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमतों में 158 रुपये की कटौती की थी। इसके बाद दिल्ली में 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत घटकर 1,522 रुपये हो गई थी। अगस्त महीने की शुरुआत में भी तेल कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 99.75 रुपये की कटौती की थी। पिछले दो महीनों में कंपनियों ने दो बार कीमतों में बढ़ोतरी की है। हालांकि, इस दौरान खाना पकाने के लिए रसोई में इस्तेमाल होने वाली घरेलू गैस सिलेंडरों की कीमतों में कोई भी बदलाव नहीं हुआ है।

## सुकमा में आइईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से कोबरा बटालियन का जवान घायल, जिला अस्पताल में इलाज जारी

**सुकमा, 01 नवंबर [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के मिनपा और ताड़मेटला के जंगलों में सर्चिंग के दौरान एक जवान आइईडी की चपेट में आने से घायल हो गया। घायल जवान को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया है। घायल जवान कोबरा 206 बटालियन में तैनात है। जानकारी के अनुसार कोबरा 206 बटालियन के जवान मंगलवार की शाम मिनपा और ताड़मेटला के जंगलों में सर्चिंग के लिए निकले हुए थे। इसी दौरान एक जवान नक्सलियों द्वारा लगाए गए आइईडी की चपेट में आ गया। आइईडी विस्फोट में जवान का पैर बुरी तरह घायल हो गया। जवान का नाम आमरेंद्र बासु मतारी बताया जा रहा है। घायल जवान कोबरा बटालियन में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ है। इधर, आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस पूरी तरह अप्रिय स्थिति से निपटने तैयार है। इसी कड़ी में मंगलवार को नारायणपुर जिले के थाना कुकडाझोर के अबूझमाड के प्रवेश द्वार करेल घाटी में पुलिस कैंप आकाबेड़ा से सीएएफ और केंद्रीय बल बीएसएफ तथा बीडीएस ने चार किलो आइईडी बरामद किया है, जिसे मौके पर नष्ट किया गया।



सूचना के मुताबिक जवानों तथा आम नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से नक्सलियों द्वारा आइईडी लगाने की सूचना मिली थी। जिस पर पुलिस कैंप आकाबेड़ा से सीएएफ और केंद्रीय बल बीएसएफ तथा बीडीएस टीम रवाना हुई थी। बम निरोधक दस्ता ने एरिया के सर्चिंग के दौरान करीब चार किलो का आइईडी बरामद किया। जिसे मौके पर सुरक्षा मानकों का पालन कर नष्ट कर दिया गया।

## छत्तीसगढ़ वासियों को पीएम मोदी ने राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी



**रायपुर, 01 नवंबर [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ वासियों को पीएम मोदी ने राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने ट्विटर पर लिखा कि छत्तीसगढ़ के अपने सभी भाइयों और बहनों को राज्य के स्थापना दिवस की ढेरों शुभकामनाएं। यहां के लोगों की जीवंतता इसे एक विशेष राज्य बनाती है। इस राज्य की संस्कृति को समृद्ध बनाने में हमारे आदिवासी समुदायों का बहुत ही अहम योगदान है। प्रदेश की गौरवशाली परंपरा और सांस्कृतिक विरासत हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करती है। मैं प्राकृतिक और सांस्कृतिक वैभव से परिपूर्ण छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

## चुनाव प्रचार कर रहे भाजपा कार्यकर्ता को घर से बाहर बुलाकर मारी गोली, अस्पताल में मौत



**जबलपुर ।** गोरखपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार-बुधवार की आधी रात को गोली चल गई। अज्ञात बदमाशों ने रेलवे ब्रिज क्रमांक 4 से गोरखपुर गुरुद्वारे जाने वाली मार्ग पर एक व्यक्ति पर गोली चलाई। गोली पीठ पर लगी जिसे उपचार के लिए मेडिकल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है। स्वजन ने बताया कि संजय के मोबाइल पर भी रिकार्डिंग है। इस हमले को चुनावी रंजिश से जोड़कर देखा जा रहा है। बताते हैं कि संजय भाजपा से जुड़े हुए थे और चुनावी प्रचार में भी जाया करते थे। घटना की जानकारी लगने पर बड़ी संख्या में मेडिकल अस्पताल के बाहर परिचितों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने इस मामले में जल्द आरोपितों को पकड़ने का दावा किया है।

## JCCJ के एक और प्रत्याशी को मिली धमकी अमित जोगी ने की तत्काल कार्यवाही की मांग



**रायपुर।** JCCJ के एक और प्रत्याशी रेखाराम बाग को धमकी मिली हैं। जिसकी जानकारी देते अमित जोगी ने तत्काल कार्यवाही की मांग की हैं। उन्होंने बताया कि जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रत्याशियों को लगातार मिल रही है धमकियां। नाम वापस लेने सत्ताधारी दल के नेतागण लगे हैं हमारे प्रत्याशियों को डराने और धमकाने में। इसी संदर्भ में आज हमने फिर चुनाव आयोग को 41-खल्लारी विधानसभा से हमारे प्रत्याशी श्री रेखाराम बाग जी को मिल रही धमकियों के विषय में अवगत कराया और तत्काल कार्यवाही की मांग की। मुझे यह समझ में नही आ रहा है कि '75 पार' की बड़ी बड़ी बातें करने वाले आखिर हमे मिल रहे जनसमर्थन से इतना घबरा क्यों गये हैं। हम पुनः चुनाव आयोग से निवेदन करते हैं कि वो छत्तीसगढ़ में निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव कराने की अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन तत्परता से करे और शिकायतों की जांच और कार्यवाही सुनिश्चित करे।

## फिर विवादों में घिरे कन्नड़ अभिनेता दर्शन बेंगलुरु पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा



**बेंगलुरु।** कन्नड़ फिल्म अभिनेता दर्शन के खिलाफ बेंगलुरु पुलिस ने आईपीसी की धारा 289 (जानवरों के संबंध में लापरवाहीपूर्ण आचरण) के तहत एफआईआर दर्ज किया है। पुलिस ने अभिनेता के खिलाफ 28 अक्टूबर को आरआर नगर में अपने घर के पास एक खाली जगह पर कार पार्क करने वाले एक शख्स को अपने कुत्तों से कटवाने के आरोप में मामला दर्ज किया है।

## चित्तूर के गुडीपाला में एक निजी ट्रैवल बस पलटने से 22 लोग घायल हो गए



**गुडीपाला।** पुडुचेरी से हैदराबाद जा रही एक निजी बस चित्तूर जिले के गुडीपाला मंडल में चित्तूर-वेल्लोर राजमार्ग पर गोलामडुगु मोड़ पर पलट गई और एक दीवार से टकरा गई। इससे 22 यात्री घायल हो गये। घायलों में सिकंदराबाद की ललिता (65) और तमिलनाडु के मनियामबाड़ी के कुबेंद्रन (35) गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बाकी 20 को मामूली चोटें आईं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। घायल व्यक्तियों को तुरंत इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। हादसे के वक्त बस में कुल 33 यात्री सवार थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फिलहाल घटना की जांच कर रही है

## राज्य सरकार ने चीनी मांझों के इस्तेमाल पर लगाया बैन, प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर लगेगा जुर्माना



**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने राज्य में नायलॉन का धागा और चीनी मांझा के निर्माण और बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की अधिसूचना जारी की है। 30 अक्तूबर को जारी की गई अधिसूचना में तमिलनाडु सरकार ने तर्क दिया कि ये चीनी मांझा मनुष्यों और जानवरों के लिए एक गंभीर खतरा पैदा करते हैं। कभी-कभी इन मांझों की वजह से गंभीर चोटें और मौत भी हो जाती है। यह अधिसूचना पर्यावरण, मौसम और वन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव सुप्रिया साहु ने लागू किया है। उन्होंने कहा कि प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के तहत दंडित किया जाएगा। साल 2017 में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने चीनी मांझा और अन्य नाइलॉन धागों के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था।

## कारों की तलाशी में मिले 3 लाख 80 हजार रुपए

**दुर्ग।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग के निर्देशन में सम्पूर्ण जिले में सघन चेंकिग किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में दो अलग-अलग जगहों में पुलिस को सफलता मिली हैं। जानकारी के मुताबिक थाना अम्लेश्वर क्षेत्र में विधानसभा ड्यूटी के एसएसटी टीम के द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान 1,50,000 कैश जप्त किया है।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर महाविद्यालयों में स्वीप कार्यक्रम के तहत विविध प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन







**कोरबा ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत व जिला स्वीप नोडल श्री विश्वदीप के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के सभी छात्र- छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

इसी कड़ी में शासकीय महाविद्यालय बरपाली में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली, नारा लेखन, मेहंदी प्रतियोगिता, शपथ ग्रहण जैसे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। उनके द्वारा रैली एवं दीवारों पर नारा लेखन के माध्यम से आमजनों को शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रोत्साहित किया गया।

शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय कोरबा में नुक्कड नाटक, रैली, शपथ जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए लोकतंत्र के त्यौहार में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने व सभी को मतदान करने हेतु आग्रह किया गया एवं छात्र-छात्राओं को शत-प्रतिशत् मतदान करने शपथ दिलाई गई।

इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीकला के राष्ट्रीय स्वयं सेवकों द्वारा गोद ग्राम सुखरीखुर्द में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया गया। उनके द्वारा ग्रामीणों को छत्तीसगढ़ी बोली में 'जाना-जाना हे जी वोट डारे बर जाना हे, अरे तहूं ल जाना हे महूं ल जाना हे, सबो झन ल जाना हे, जैसे मनमोहक गीत के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान हेतु जागरूक किया गया एवं अनिवार्य मतदान हेतु उन्हें संकल्प दिलाया गया।

# सामान्य प्रेक्षक सहित व्यय एवं पुलिस प्रेक्षक के मोबाइल नंबर पर दी जा सकती है निर्वाचन संबंधी सूचना

**कोरबा ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोरबा जिले के चारो विधानसभा के लिये प्रेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। सभी प्रेक्षक कोरबा पहुंच गये है। जिले में विधानसभा चुनाव से संबंधित जानकारी आम नागरिकगण अपने विधानसभा से संबंधित प्रेक्षकों के मोबाइल नंबर पर प्रदान कर सकते हैं। कुल 04 आब्जर्वर की नियुक्ति की गई है। कोरबा और रामपुर विधानसभा के लिए आई.ए.एस. श्री प्रियतु मंडल और पाली-तानाखार तथा कटघोरा विधानसभा के लिए आई.ए.एस. श्री सी.के.जमातिया की नियुक्ति सामान्य आब्जर्वर के रूप में की गई है। इसके अलावा कोरबा, रामपुर पाली-तानाखार तथा कटघोरा विधानसभा के लिए श्री ओ.एन.हरिप्रसाद राव आई.आर.एस. को व्यय प्रेक्षक बनाया गया है, जबकि पुलिस आब्जर्वर के रूप में श्री सी.वेंकटा सुब्बा रेड्डी आई.पी.एस. को नियुक्त किया गया है। ये सभी कोरबा जिले में निर्वाचन तक उपस्थित रहकर निर्वाचन पर नजर रखेंगे।

विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत रामपुर और कोरबा विधानसभा हेतु प्रेक्षक श्री प्रियतु मंडल (आईएएस), मो.नं. 7587016645 से आम नागरिक प्रात: 9.30 बजे से 10.30 बजे तक कावेरी भवन गेस्ट हाउस, कटघोरा और पाली-तानाखार हेतु प्रेक्षक श्री सी.के.जमातिया .(आईएएस), मो.नं. 7587016646 से आम नागरिकगण प्रात: 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस में मिलकर निर्वाचन संबंधी शिकायत कर सकते हैं।. इसी तरह व्यय आब्जर्वर श्री ओ.एन.हरिप्रसाद राव (आईआरएस) मो.नं. 7587016535 और पुलिस आब्जर्वर श्री सी.वेंकटा सुब्बा रेड्डी (आईपीएस) मो.नं. 7587016647 से सुबह 9.30 बजे से 10.30 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस में निर्वाचन संबंधी शिकायत की जा सकती है।

## विज्ञापन आदि की अनुमति के लिए एमसीएमसी के कक्ष क्रमांक 20 में किया जा सकता है संपर्क

**कोरबा ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत मीडिया अनुप्रमाणन एवं मीडिया अनुवीक्षण समिति गठित की गई है। निर्वाचन संबंधी विज्ञापन, पाम्फ्लेट की अनुमति के संबंध में आवश्यक जानकारी के लिए वाणिज्य कर कार्यालय (जीएसटी भवन) कक्ष क्रमांक 20 में श्री अजीत तिर्की मोबाइल नंबर 999323942, श्री सुरेश कंवर मोबाइल नंबर 9131558605 में संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह जिले के मीडिया प्रतिनिधि निर्वाचन संबंधी जानकारी के लिए मीडिया सेंटर में सुश्री ऊष्मा घोष मोबाइल नंबर 9810493820 तथा श्री मनोज कुमार रजक 9329942755 के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

## जनसंपर्क कार्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

**कोरबा ।** देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज जिला जनसंपर्क कार्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करने की शपथ ली। साथ ही अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सत्यनिष्ठा से अपना योगदान करने का भी संकल्प लिया।

# समय निकालकर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें:सौरभ कुमार



**कोरबा ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार ने विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत विधानसभा सदस्यों के निर्वाचन हेतु 17 नवंबर 2023 दिन शुक्रवार को मतदान केंद्रों में अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है। उन्होंने मतदाताओं को जागरूक होकर इस लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने की अपील की।

उन्होंने कहा है कि मतदान दिवस के दिन मतदातागण मतदान के लिए समय निकालकर अपने क्षेत्र के लिए निर्धारित मतदान केंद्रों में उपस्थित होकर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में प्रत्येक मतदाता का मत अमूल्य है तथा मतदान करना प्रत्येक मतदाता का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि जब मतदान के लिए जायें तो अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक कार्ड) एवं फोटो युक्त मतदाता पर्ची अवश्य लेकर जायें। मतदान केंद्र में इलेक्ट्रानिक मतदान मशीन के माध्यम से आप अपने पसंद के प्रत्याशी को चुनने के लिए वोट कर सकते हैं। अपने जिला, राज्य एवं देश की खुशहाली के लिए एवं सशक्त लोकतंत्र के निर्माण के लिए शत प्रतिशत मतदान का होना अपेक्षित है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग सुनिश्चित करने की अपील सभी मतदाताओं से की है।

# चारों विधानसभा क्षेत्रों में 56 अभ्यर्थियों का नामांकन पाया गया वैध

**कोरबा ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु कोरबा जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों हेतु भरे गये नामांकन की आज संवीक्षा की गई। संवीक्षा में कुल 56 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये हैं। जिसके अंतर्गत कोरबा विधानसभा से 22 प्रत्याशी, रामपुर विधानसभा से 10, कटघोरा विधानसभा से 15 एवं पाली तानाखार विधानसभा से 09 प्रत्याशी का नामांकन स्वीकृत हुआ है साथ ही जिले में 05 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र में त्रुटि होने के कारण निरस्त किये गये हैं। जिनके नामांकन वैध पाए गये हैं उन प्रत्याशियों का नाम इस प्रकार है-

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 20 रामपुर- ननकी राम कंवर-भारतीय जनता पार्टी, फूल सिंह राठिया -इंडियन नेशनल कांग्रेस, श्रीमती सुनीता देवी कंवर -निर्दलीय, जगत राम राठिया -बहुजन समाज पार्टी, बिरेश्वर कंवर-निर्दलीय,धनवार वेदलाल वनवासी - निर्दलीय, बालमुकुंद राठिया- जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़(जे), रामदयाल उरांव - निर्दलीय, कन्हैया आनंद कंवर-हमर राज पार्टी, अलेक्जेंडर टोप्पो-जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी।

विधानसभा क्षेत्र क्र. 21 कोरबा- रज्जाक अली-निर्दलीय, जयसिंह अग्रवाल-इंडियन नेशनल कॉंग्रेस, श्री लखनलाल देवांगन-भारतीय जनता पार्टी, अब्दुल नफीस खान-गणा सुरक्षा पार्टी, राजेश कुमार पांडेय-निर्दलीय, इंजीनियर विशाल केलकर-आम आदमी पार्टी, धनंजय सिंह चंद्रा-बहुजन समाज पार्टी,योगेश साहू-पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया(डेमोक्रेटिक),सुनील सिंह-कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, श्री मदन लाल चंद्रा-बलीराजा पार्टी, घनश्याम चंद्रा गांधी-निर्दलीय, लखन लाल देवांगन-निर्दलीय, सेवक राम अंचल (अंचल भैया)-निर्दलीय, सुनील कुमार तायल-भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, रणबीर आदिले-जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी, शेरे हक़-निर्दलीय, राजकुमार दुबे-लोक जन शक्ति पार्टी(राम विलास), प्रवीण मसीह-निर्दलीय, पुरन लाल साहू-जनता कॉंग्रेस छत्तीसगढ़, श्री मिर्जा मुस्ताक अहमद-निर्दलीय, अंकित अग्रवाल-निर्दलीय,सिमॉन फ्रान्सीश-निर्दलीय।विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-22 कटघोरा-पुरुषोत्तम कंवर- इंडियन नेशनल कांग्रेस, श्री प्रेमचंद पटेल-भारतीय जनता पार्टी, चंद्रकांत डिक्सेना-आम आदमी पार्टी, सुरेंद्र राठौर (सोनू भैया)-जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी, इंजीनियर सत्यजीत कुर्रे-बहुजन समाज पार्टी, भुवनेश्वर सिंह श्रोते-गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, कल्याण सिंह तंवर- छत्तीसगढ़िया पार्टी, श्री जवाहर सिंह कंवर-कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्कसिस्ट), मिलन दास दीवान-गणा सुरक्षा पार्टी, सपुरन कुलदीप- जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे),दलीप कंवर (डी. के. सरजाल)-अम्बेडकराईट पार्टी आफ इंडिया, रविन्द्र महंत-निर्दलीय, अजय सिंह-निर्दलीय, रवि कुमार रजक-निर्दलीय, सुदामा राम-निर्दलीय।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 23 पाली-तानाखार- श्रीमती दुलेश्वरी सिदार- इंडियन नेशनल कांग्रेस, तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम-गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, आनंद कुमार तंवर-निर्दलीय, देवराज सिंह मरकाम-छत्तीसगढ़िया पार्टी, रामदयाल उइके-भारतीय जनता पार्टी, श्री छत्रपाल सिंह कंवर- जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ , बाबू सिंह कंवर-निर्दलीय, छवि राज-निर्दलीय, श्री शिवरात पैकरा -निर्दलीय।संवीक्षा उपरांत आज विधानसभा क्षेत्र रामपुर से श्रीमती निर्मला देवी कंवर, कोरबा से श्री शत्रुघन साहू एवं श्री अश्वनी कश्यप, कटघोरा से श्री प्रकाश दास महंत और विधानसभा पाली-तानाखार से श्रीमती श्याम बाई कंवर का नामांकन निरस्त किया गया।

# मिनीमाता गर्ल्स कालेज में राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार पटेल के योगदान पर मंथन




**कोरबा।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, कोरबा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नारा लेखन, पोस्टर, निबंध लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के बाद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. तारा शर्मा, श्रीमती संध्या पांडेय और डॉ. पी.के.सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित हुए।

कार्यक्रम का प्रारंभ एनएसएस के प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद एवं सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्रों पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। महाविद्यालय की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डेज़ी कुजूर ने बताया कि राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एकता और सरदार वल्लभभाई पटेल, एक भारत उन्नत भारत, मतदाता जागरूकता एवं स्वीप कार्यक्रम जैसे विषयों पर नारा लेखन, निबंध, पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी डॉ.विनोद कुमार साहू ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल को लौह पुरुष भी कहा जाता है। वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान स्वतंत्रता सेनानी और राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने भारतीय एकता अभियान के माध्यम से 1947 में भारत के 562 रियासतों को एक साथ लाने की महत्वपूर्ण योजना बनाई और उसे सफलतापूर्ण रूप से पूरा किया। उनके जन्मदिन को %राष्ट्रीय एकता दिवस% के रूप में मनाया जाता है, जो संपूर्ण भारतवर्ष में 31 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिन, लोग उनके महान योगदान को याद करते हैं और एकता की महत्वपूर्ण भूमिका को समझते हैं।

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह ने समस्त उपस्थित छात्राओं और अधिकारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ दिलाई। साथ ही छात्राओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मतदाता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एनएसएस की स्वयंसेविका श्रद्धा जांगड़े, नीतू चौहान, प्रिया राजपूत, मंजुला, गरिमा मरकाम, गीतानियां महंत, जानकी राठौर, रिया पटेल, कृतिका, नेहा श्रीवास, रेशमा साहू, तुलसी, निकिता साहू और गीतांजलि का सक्रिय योगदान रहा।

# नेता प्रतिपक्ष ने किया जनसंपर्क



**लोरमी।** विधानसभा के देवरहटा मंडल में शीलू साहू, मंडल प्रभारी हितानंद अग्रवाल और अन्य सभी स्थानीय कार्यकर्ताओ ने घर घर संपर्क कर, क्षेत्र विकाश हेतु प्रत्याशी अरुण साव के पक्ष में प्रचार किया । अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए भारतीय जनता पार्टी की नीतियों पर रोशनी डाली। लोगों को बताया गया कि छत्तीसगढ़ के संदर्भ में किस प्रकार की परिस्थितियों निर्मित हो रही हैं और इनसे निपटने के लिए एक अच्छी सरकार की जरूरत है और भाजपा इसका विकल्प हो सकती है लोगों को इस बारे में आवश्यक लिखित सामग्री कवितरण भी किया गया ताकि उनका बेहतर मार्गदर्शन हो सके।

## तैयारी के लिए समय कम, करनी होगी मेहनत

**कोरबा।** दशहरा के अवकाश के बाद सोमवार से स्कूल खुल गए हैं। इसके बाद नवंबर में दीपावली और छठ पूजा पर भी अवकाश रहेगा। ऐसे में दिसंबर में आयोजित होने वाली छमाही परीक्षाओं में शामिल होने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं के परिणाम पर असर पड़ेगा। पहली कक्षा से आठवीं तक के छात्रों को फेल नहीं करने का प्रावधान है।लेकिन 9वीं से 12वीं की कक्षा में पढ़ने वाले छात्रों को आगे की तैयारी बेहतर हो इसलिए कोर्स पूरा किया जाना अति आवश्यक है। लगातार पड़ रही छुट्टियों के कारण और अधिकांश शिक्षकों के चुनावी ड्यूटी में होने से पढ़ाई पर सीधा असर पड़ रहा है। इसके बीच दिसंबर में छमाही परीक्षा आयोजित होनी है। पूर्व की तरह इस बार भी छमाही परीक्षा का प्रश्न पत्र पूरे प्रदेश में एक समान होंगे। जिसका प्रकाशन माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कराया जाना है। अर्थात बोर्ड की तर्ज पर स्थानीय परीक्षाएं भी ली जाएंगी। इससे पूरे 9वीं से लेकर 12वीं कक्षा के छात्रों पर तब असर पड़ेगा जब उनका कोर्स अधूरा रहेगा।



## पुलिस शस्त्र उपकरण व युद्धक वाहनों की दी गई जानकारी

**कोरबा।** पुलिस स्मृति एवं झंडा दिवस में शहीदों की याद में अग्रसेन कॉलेज कोरबा में राष्ट्र निर्माण में पुलिस की भूमिका विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पुलिस ने शस्त्र उपकरण युद्धक वाहनों की प्रदर्शनी लगाई।

अग्रसेन कन्या महाविद्यालय कोरबा में शहीदों की याद में राष्ट्र के निर्माण में पुलिस की भूमिका विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शस्त्र उपकरण युद्धक वाहनों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रतियोगिता में 13 प्रतिभागी भाग लिये। पक्ष एवं विपक्ष मे अपना-अपना मत प्रस्तुत किये। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बरखा निशा सिंह, द्वितीय वैशाली अग्रवाल एवं तृतीय स्थान मियादान खान को प्रशस्ति पत्र, मेडल व उपहार दिया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार झा, निर्णायकगण डॉ. मोहम्मद वसीम अकरम, डॉ. शिवकुमार द्विवेदी, अंजना चौधरी, प्राध्यापक डॉ. उषी बाला गुप्ता, किरण बाजपेई, डॉ. एसके कहार की उपस्थिति थे। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने पुलिस के कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पुलिस के शस्त्र की प्रदर्शनी में शस्त्र के बारे में जानकारियां प्राप्त की।

# पुण्यतिथि पर इंदिरा गांधी का स्मरण

**कोरबा।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी 39वीं शहीद दिवस पर प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम कोरबा के शक्ति स्थल में जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर द्वारा इंदिरा जी की पुण्यतिथि कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारी और सदस्यों ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए इंदिरा गांधी के योगदान पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर कोरबा विधायक जयसिंह अग्रवाल ने इंदिरा गांधी को महान नेत्री निरूपित करते हुए कहा कि वे बाल्यावस्था से ही राजनीति की ओर सक्रिय हो गई थी। उन्होने 10 वर्ष की अवस्था में अपने प्रदर्शन से लोगों का ध्यान आकृष्ट किया। श्रीमती गांधी गरीबों, श्रमिकों की रक्षक, राष्ट्रीय एकता और अखण्डता की अनुयायी, करुणा तथा सहिष्णुता की प्रतिमूर्ति थी।

महापौर राजकिशोर प्रसाद ने इंदिरा गांधी को नारी जगत में साहस की प्रज्जवलित ज्योति बताते हुए कहा कि उन्होंने भारत को खुशहाल बनाने के लिए अपने कार्यकाल में देश को राष्ट्रीय एकता की माला में पिरोया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सपना चौहान ने कहा कि इंदिरा गांधी ने राष्ट्रीय प्रगति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और इसके अंतर्गत उल्लेखनिय परियोजनाओं पर कार्य किया। ऐसे कार्यों का लाभ देश और यहां के नागरिकों को मिल रहा है।कोरबा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष राठौर ने कहा कि महिलाओं के स्वाभिमान की रक्षा के लिये श्रीमती गांधी ने प्रधानमंत्री के तौर पर विशिष्ट कार्यों को अंजाम दिया। सभापति श्याम सुंदर सोनी ने कहा कि युद्धकाल में महाकाली, रणचंडी बनकर मुकाबला करती रही, वहीं शांतिकाल में भारतवासियों की सेवा करने में वे सबसे आगे रहीं।



महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी ने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री के रूप में भारत के लिए उस समय की परिस्थितियों के अनुरूप अनेक अहम निर्णय लिए उनकी दूरदर्शिता हमे आज भी प्रभावित करती है।

बालको ब्लॉक अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा ने कहा कि इंदिरा जी अपार साहस, निर्णय शक्ति और धैर्य की प्रतिमूर्ति थी। उनके मन में गरीबों के लिए सम्मान था जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश से गरीबी मिटाने के लिए लगा दिया था।

आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश सहगल, महामंत्री बी एन सिंह, उपाध्यक्ष अवधेश सिंह, महामंत्री लक्ष्मी देवांगन, एल्डरमेन सनंद दीवान, अभिनव तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रसपाल सिंह, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नारायण कुर्रे, पूर्व पार्षद अविनाश बंजारे, संजू अग्रवाल, सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बंटी शर्मा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, ए डी जोशी, एस सी ओगरे, अमित सिंह, संजू महराज, हाजी इकबाल दयाला, राजेश यादव, शशी अग्रवाल, गीता यादव, द्रोपती वर्मा, एफ डी मानिकपुरी, महेन्द्र थवाईत,, कांति यादव, गौरी सिंह ने पुष्पांजलि अर्पित कर इंदिरा जी को श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

# पसरखेत रेंज में फिर मिला 12 फीट का किंग कोबरा

## मौके पर पहुंच रेस्क्यू किया जीतेन्द्र सारथी ने

**कोरबा।** अपने लिए सबसे अनुकूल समझी जाने वाली जगह पर किंग कोबरा की संख्या बढ़ने लगी है। वन मंडल कोरबा के पसरखेत रेंज में लोगों की नजर में किंग कोबरा सर्प आया। ग्रामीणों की सूचना के बाद वन विभाग ने प्रशिक्षित टीम प्रभारी से सर्प का रेस्क्यू कराया।

पसरखेत परिक्षेत्र में एक बार फिर सबसे जहरीले माने जाने वाले सर्प किंग कोबरा ने ग्रामीणों को सकते में डाल दिया। वन मंडल कोरबा के पसरखेत परिक्षेत्र में एक स्थान पर किंग कोबरा को देखा गया। रंग में काले और आकार में काफी लंबे सर्प को देख लोगों का डरना स्वाभाविक था। हिम्मत जुटाकर लोगों ने उस पर निगरानी रखी और वन विभाग को जानकारी दी। वन परिक्षेत्र अधिकारी तोशी यादव ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर हमारा अमला सतर्क हुआ। बाद में टीम प्रभारी जितेन्द्र सारथी ने कुशलतापूर्वक किंग कोबरा का रेस्क्यू किया।ड्ड4ह्ल तोशी यादव, परिक्षेत्र अधिकारी, पसरखेत

कोरबा जिले में यही एक ऐसा क्षेत्र है जिसे किंग कोबरा के रहवास के लिए सबसे अनुकूल माना गया है। इससे पहले भी इस क्षेत्र में किंग कोबरा पाए जा चुके हैं। इस प्रजाति के सांपों के संरक्षण के लिए वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट देहरादून के द्वारा भी अध्ययन किया गया है और आगे की कोशिश की जा रही है।

## पुनर्मूल्यांन में उत्तीर्ण छात्र ले सकेंगे एडमिशन

**कोरबा।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी बिलासपुर के परीक्षा नियंत्रक ने संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों के नाम पत्र जारी किया है। इस पत्र के अनुसार उन छात्र-छात्राओं को स्थाई प्रवेश देने कहा गया है जिन्होंने पुनर्मूल्यांकन व पुनर्गणना के लिए आवेदन किया था और वे उत्तीर्ण घोषित हो गए हैं। इतना ही नहीं दो विषय में पूरक की पात्रता रखने वाले परीक्षार्थियों को भी अस्थाई प्रवेश देने कहा गया है।

# जुआ खेलने वाले 07 आरोपियों को किया गिरफ्तार चौकी नैला पुलिस की कार्यवाही

**नैला।** मुखबीर सूचना मिला कि खोखसा खार में अलग- अलग जगहों पर कुछ लोग रूपये पैसा का दाव लगाकर, हार-जीत का काट पत्ती नामक जुआ खेल रहें है कि सूचना पर चौकी नैला पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही किया गया मौके पर आरोपी वीरेन्द्र कुमार पटेल उम्र 27 साल निवासी बसंतपुर, राजेन्द्र कुमार पटेल उम्र 27 साल निवासी बसंतपुर, रामनाथ यादव उम्र 37 साल निवासी पाली, संतोष कुमार साहू उम्र 40 साल निवासी सरखों चौकी नैला को काट पत्ती नामक जुआ खेलते पाया आरोपियों के कब्जे से जुमला नगदी रकम 1,900/ रूपया एवं 52 पत्ती तास को समक्ष गवाहन के बरामद किया जाकर* आरोपियों के विरूद्ध थाना चौकी नैला में अपराध क्रमांक 749 / 2023 धारा 03 जुआ प्रतिषेद अधिनियम के तहत कायम कर विधिवत गिरफ्तार किया जाकर जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है।

इसी प्रकार कुछ ही दुरी पर अलग जगह पर आरोपी विक्रम सिंह चौहान उम्र 28 साल निवासी खोखसा, नारायण सिंह चौहान उम्र 38 साल निवासी गुड़ीपारा खोखसा, धरम सिंह चौहान उम्र 35 साल निवासी खोखसा चौकी नैला को काट पत्ती नामक जुआ खेलते पाया गया आरोपियों के कब्जे से जुमला नगदी रकम 1600/ रूपया एवं 52 पत्ती तास को समक्ष गवाहन के बरामद किया जाकर आरोपियों के विरूद्ध थाना चौकी नैला में अपराध क्रमांक 748/2023 धारा 03 जुआ प्रतिषेद अधिनियम के तहत कायम कर विधिवत् गिरफ्तार किया जाकर जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक सत्यम चौहान चौकी प्रभारी नैला, प्रधान आरक्षक अर्जुन जांगड़े आरक्षक राजेश कश्यप, मिलन राठौर, प्रकाश द्विवेदी संतोष प्रधान, संत कुमार कुर्रे, सुनील सिंह एवं चौकी नैला स्टॉप का सराहनीय योगदान रहा।

# क्लीनिक में महिला कर्मी का शव मिला, संचालक गिरफ्तार

**शिवरीनारायण।** दिनांक 30.10.2023 को रात्रि 09.15 बजे सूचक भूपेन्द्र चौहान उम्र 19 साल निवासी भोगहापारा शिवरीनाराण थाना उपस्थित आकर मर्ग इंटीमेशन दर्ज कराया कि इनकी बुआ कन्या चौहान दोपहर करीबन 01.30 बजे घर से निकली थी जो शाम 06.00 बजे तक घर वापस नही आने पर आस-पास तलाश कर रहे थे तभी पता चला कि कन्या चौहान मृत हालत में जितेन्द्र चन्द्रा के डिस्पेंसरी में पड़ी है कि सूचक के सूचना पर थाना शिवरीनारायण में मर्ग क्रमांक 81/2023 धारा 174 जा.फौ. कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया।

मर्ग जांच दौरान मृतिका कन्या चौहान उम्र 40 साल के शव का पीएम कर्ता डाक्टर से सम्पर्क कर शार्ट पीएम रिपोर्ट



प्राप्त किया गया जो गला दबाने एवं दम घुटने से मृत्यु होना लेख करने एवम मर्ग जांच दौरान गवाहो के कथनानुसार शार्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर आरोपी जितेन्द्र चन्द्रा के विरुद्ध अपराध सदर धारा का कारित करना सबूत पाये जाने से* आरोपी के विरुद्ध अपराध अनेक 478 / 2023 धारा 302 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना दौरान आरोपी जितेन्द्र चन्द्रा को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपने मेमोरण्डम कथन में बताया कि *मृतिका कन्या चौहान मेरे डिसपेंसरी शिवरीनारायण में काम करती थी, उसका काम ठीक नही होने से कुछ महिने पहले मैने उसको काम से निकाल दिया था जो मुझे काम से निकाल दियें हो कहकर वाद विवाद करती थी इसी बात को लेकर मैने गुस्से में आकर हाथ से गला दबाकर हत्या करना बताया।

विवेचना दौरान आरोपी जितेंद्र चन्द्रा उम्र 42 साल निवासी सलनी थाना जैजैपुर हाल शिवरीनारायण के विरूद्ध अपराध धारा सदर का सबुत पायें जाने से विधिवत् गिरफ्तार कर दिनांक 31.10.2023 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में SDOP चांपा यदुमणि सिदार के नेतृत्व में निरी. अशोक द्विवेदी थाना प्रभारी शिवरीनारायण, उपनिरी, कृष्णपाल सिंह, सउनि भुवनेश्वर राठौर, प्रआर तारिकेश पाण्डेय, महिला आर सरिता लहरे, मोनिका जोगी का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रशासन और पुलिस ने मिलकर नगर में निकाला फ्लैग मार्च



**सक्ती ।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शहर में एएसपी गायत्री सिंह के नेतृत्व में थाना सक्ती और जिला बल का फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान पैदल मार्च कर पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाए रखने और आदर्श आचार संहिता के पालन करने तथा त्योहारों के दौरान शांति बनाए रखने की हिदायत दी। नगर पालिका सीएमओ संजय और उनकी टीम भी इस दौरान साथ रही । जिन व्यवसायियों ने अपना सामान बेतरतीब सड़क पर फैला कर रखा था उन्हें हिदायत दी गई कि शहर के यातायात को बाधित न करें। इस दौरान कुछ लोगों के खिलाफ चालानी करवाई भी की गई। फ्लैग मार्च मेंनिरीक्षक विवेक शर्मा , अमित सिंह प्रभारी साइबर सेल, रक्षित निरीक्षक उमेश राय और जवान बड़ी संख्या में शामिल थे।

# कीट प्रकोप से बचाने वाली दवाएं असर नहीं कर रही, इलाके के किसान चिंतित

**जांजगीर-चांपा।** जिले में लगातार हो रही बारिश से धान की फसल पर कीट-व्याधि का खतरा मंडरा रहा है। अर्ली वैरायटी के धान की बालियां निकलने लगी है, उसमें भूरा माहो का प्रकोप देखने को मिल रहा है। इससे बचने किसान दिन-रात दवा का छिडक़ाव कर रहे हैं पर दवाओं का असर नहीं हो पा रहा है। दवाओं के खर्चे के चलते किसानों को दोहरी मार पड़ रही है।

गौरतलब है कि खरीफ फसल के लिए किसानों के द्वारा धान की फसल लगाई गई है। इसमें अर्ली वैरायटी की फसलों में अब बालियां निकल चुकी है। इस समय धान की फसल में कीट व्याधि का प्रकोप बढने् लगा है। भूरा माहो के अलावा पेनिकल माइट नामक कीट अभी परेशानी बढ़ा रहा है। अकलतरा क्षेत्र के जर्वे, हरदी, बलौदा ब्लॉक के बहेराडीह, जाटा, सिवनी समेत विभिन्न क्षेत्रों में इस तरह किसानों को परेशानी हो रही है। बता दें, कि बड़ी मुश्किल से धान की फसल तैयार की है। जब फसल पकने लगी है



तब पेनिकल माइट नाम कीट से किसान परेशान हैं।

जिले के किसानों को सही दवा नहीं मिल पा रही है। क्योंकि किसान दुकानदारों के इशारे में दुकानों से दवा की खरीदी करते हैं। लेकिन यह दवा काम नहीं आ रही है। जिसके चलते किसानों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कृषि विभाग भी ऐसे व्यवसायियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहा।

# मतदान करने लिया संकल्प

**जांजगीर- चांपा ।** जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में जिला स्वीप प्रभारी के नेतृत्व में शासकीय टीसीएल पीजी महाविद्यालय मे एनसीसी तथा स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा चुनई तिहार 2023 के पूर्व जिले में नवीन मतदाताओं को जागरूक करनेके उद्देश्य से स्वागत- विदाई समारोह का आयोजन किया ।

मताधिकार से संबंधित व्याख्यान दिए गए । सभी छात्र-छात्राओं को चला संगी वोट दे जाबो का स्टिकर वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डा. एस के मधुकर, डा. ईश्वरी बृजवासी सूर्यवंशी (जिला सहायक स्वीप नोडल अधिकारी) डा. पुष्पा सिंह, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. सविता पांडे, आनंद अग्रवाल ,रोमा खूंटे व अन्य प्राध्यापकों ने व्याख्यान दिए। कालेज केंपस एम्बेसडर कविता सूर्यवंशी, प्रदीप राजहंस व कमल, नंदलाल ,अजय, रवि, संध्या, गुड़िया, रेशमा, आंचल वासनी, दिव्यंका तनुजा, हिमांशु, देव कुमार, मनीष, बलदेव, रघुनाथ सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित थे। सभी ने मतदान की शपथ ली।

## कलेक्टर ने दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

**जांजगीर- चांपा ।** देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में उपस्थित अधिकारी और कर्मचारियों को देश की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को बनाए रखने में योगदान देने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, लवीना पाण्डेय सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# कन्या छात्रावास और आश्रमों में अब सुरक्षा के लिए लगेंगे सीसी टीवी कैमरे

**जांजगीर चांपा।** कन्या छात्रावासों में अब सीसी कैमरे लगाए जाएंगे, ताकि यहां रहकर पढ़ाई कर रहीं छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था सही सलामत हो सके। इसके लिए आदिम जाति कल्याण विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि, जिले में तकरीबन सौ से अधिक छात्रावास संचालित है। जिसमें 50 फीसदी कन्या छात्रावास है। इन छात्रावासों में अब सीसी कैमरे लगाए जाएंगे। ताकि बेटियों की सुरक्षा व्यवस्था में कोई कसर न रहे। अधिकतर छात्रावास खंडहर हो चुके हैं तो वहीं कई छात्रावासों की बिल्डिंग बनकर तैयार हो चुका है वहां अन्य मूलभूत सुविधाएं बढ़ाई जा रही है। सबसे खास बात यह है कि इन छात्रावासों में सीसी कैमरे की सुविधा दी जा रही है। ताकि बेटियों की सुरक्षा में कोई कसर न रहे। जिले में ऐसे कई पोस्टमैट्रिक कन्या छात्रावास है जहां सीसी कैमरा नहीं लगा है। जिससे वहां की सुरक्षा व्यवस्था ताक पर रहती है। ऐसे पोस्टमैट्रिक कन्या छात्रावास में चोरिया, पंतोरा, तनौद, भुईगांव, पामगढ़, ससहा सहित एक दर्जन छात्रावास शामिल है। जहां बेटियों की सुरक्षा के लिए सीसी कैमरे की व्यवस्था की जा रही है। ताकि सुरक्षा व्यवस्था के बीच छात्रावासों में बेटियां रह सकें।

जर्जर छात्रावासों की कराई जा रही मरम्मत




जिले में दर्जन भर से अधिक ऐसे छात्रावास हैं जो बेहद जर्जर स्थिति में है। इन छात्रावासों में रंग रोगन कर सुविधाएं बढ़ाई जा रही है। छह माह पहले इसके लिए तकरीबन एक करोड़ रुपए का टेंडर हुआ था। जिसका काम अंतिम दौर में है। छात्रावासों में और भी सुविधाएं बढ़ाने के लिए आदिम विकास विभाग द्वारा जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

**अब भी कई छात्रावास किराए के भवन में**

जिले के अधिकतर छात्रावास किराए के भवन में संचालित हो रहा है। जिसकी भरपाई राज्य सरकार कर रही है। यदि खुद का भवन होता तो सरकार को आर्थिक नुकसान का सामना करना नहीं पड़ता। हालांकि सरकार ने बजट में जहां जहां स्वीकृति मिल रही है वहां वहां भवन निर्माण की अनुमति दे रही है। लेकिन अब भी ऐसे कई दर्जनों छात्रावास है जो किराए के भवन में संचालित है।

**जर्जर भवन को करेंगे डिस्मेंटल**

जिले में अभी कई ऐसे छात्रावास भवन है तो बेहद जर्जर हो चुका है। इसे डिस्मेंटल करने की जरूरत है, लेकिन बजट की स्वीकृति नहीं मिलने से छात्रावास में अध्ययनरत छात्रों को दिक्कतों का सामना करते हुए रहना पड़ रहा है। अब ऐसे छात्रावास भवनों को डिस्मेंटल कर नए सिरे से बनाया जाएगा। लेकिन बजट की डिमांड की गई है लेकिन स्वीकृति नहीं मिली है।

छात्रावासों में सुविधाएं बढ़ाने के लिए अब सीसी टीवी कैमरे लगाए जाएंगे। खासकर पोस्टमैट्रिक कन्या छात्रावास में यह सुविधा प्रमुखता से दी जा रही है। जर्जर छात्रावासों को भी डिस्मेंटल कर नए भवन में शिफ्ट किया जा रहा है।

सीएचके सिंह उईके, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग

## घर अंदर घुस कर नाबालिक बालिका को छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार, जांजगीर पुलिस की कार्यवाही



**जांजगीर।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 29/10/23 को पीड़िता ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई की नाबालिक पीड़िता घर में अकेली थी तभी लाखन कश्यप पीड़िता के घर अंदर घुस कर बुरी नियत से पीड़िता का हाथ बाह पकड़ कर छेड़छाड़ करने लगा पीड़िता उससे अपने आप को छुड़ा कर घर के बाहर आई और चिल्लाई तो उसकी बुआ आ गई जिसे आरोपी लाखन कश्यप द्वारा गाली गलोच करते हुए मारपीट किया और घटना के बारे में किसी को भी बताने पर दोनो को जान से मारने की धमकी देकर भाग गया पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना जांजगीर में आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 745/23 धारा 452, 354, 294, 506, 323 भादवि 8 पास्को एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान आरोपी लाखन प्रसाद कश्यप को पुलिस हिरासत में लेकर दिनांक घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 30.10.23 को न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक अशोक वैष्णो, .माधव सिंह, महिला प्रधान आरक्षक मंजू सिंह एवं थाना जांजगीर स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# अवैध शराब के मामलों में आयी बढ़ोतरी, की गई कार्रवाई




**पामगढ़ ।** मुलमुला थाना के ग्रामीण क्षेत्रों में किराना दुकान एवं गुमटियों में धड़ल्ले से शराब की अवैध बिक्री हो रही है मगर अवैध शराब को लेकर कार्रवाई नहीं हो रही है। अवैध शराब बेचने वालों के द्वारा डायरी बनाकर गांव गांव में अवैध रूप से शराब का परिवहन एवं बिक्री की जा रही है। जिससे गांव की शांति तो भंग हुई है साथ ही पारिवारिक एवं घरेलू हिंसा में भी बढ़ोतरी हुई हैमगर आबकारी विभाग व पुलिस बेखबर है।

अवैध शराब बिक्री पर शासन प्रशासन का कोई नियंत्रण नहीं है। मुलमुला थाना से मात्र 500 मीटर की दूरी पर मुलमुला डेरा में शाम होते ही शराबियों का जमावड़ा लगता है। जिसकी जानकारी पुलिस को है उसके बाद भी खुलेआम शराब बिक रही है । मुलमुला थाना के कुटीघाट के पास अभी निर्वाचन दौरान वाहनों की जांच के लिए चेक पोस्ट बना है। उसके पास में ही अवैध शराब धड़ल्ले से बिक रही है। अवैध शराब बिक्री से बिचौलिए तो मालामाल हो रहे हैं मगर गांव का माहौल बिगड़ रहा है।

गांव में आसानी से शराब मिलने के कारण ग्रामीण शराब का सेवन अधिक करने लगे हैं। जिससे छोटी-छोटी बात पर बहस होती है और बात लड़ाई झगड़े तक पहुंच जाती है. ग्रामीण शराबियों के आतंक से परेशान है. वहीं, गांव में गली-गली मेंशराब बिक रही है । सबसे ज्यादा मुलमुला डेरा, कुटीघाट डेरा, करूमहु, बुटराभावर, चोरभठ्ठी, सिल्ली, तावानडीह मुलमुला, छैडोलिया, जेवरा में शराब की अवैध बिक्री से शाम के समय महिलाएं घर से बाहर निकलने में डरती है। वे खुद को असुरक्षित महसूस करती है। ग्रामीण शराब पीकर महिलाओं के साथ गाली-गलौज तक करते है।

व्यसनागर, नंदेली थाना पामगढ़ में आता है लेकिन पामगढ़ थाना के लगातार कार्रवाई के कारण व्यसनागर के ग्रामीण मुलमुला थाना क्षेत्र में जा कर मुलमुला खार तावानडीह मुलमुला में जा कर अवैध शराब बिक्री करते हैं। यहां कार्रवाई नहीं होने से कोचिए भी बेखौफ हैं।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत दीपदान के माध्यम से मतदाताओं को किया गया जागरूक

**जांजगीर-चांपा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में महिला मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत ''कोसा कांसा कंचन वोट करेगा जन-जन'' के थीम के साथ मतदाता जागरूकता संबंधी विभिन्न नवाचार किये जा रहे हैं। जिसके तहत रंगोली प्रतियोगिता, वाद-विवाद, नव विवाहित सम्मान, पेंटिंग, मानव, बैनर-पोस्टर रैली जैसे विभिन्न आयोजन किये जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में महानदी तट पर शिवरीनारायण में दीपदान कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ लिया गया।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार जांजगीर जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

क्रमांक/ /तह./वा./जन्म-मृत्यु/2023 जांजगीर, दिनांक / /2023

**मृत्यु प्रमाण पत्र**

रा.प्र.क्र.- /ब-121/2022-23
ग्राम-मरकाडीह

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम मरकाडीह को सूचित किया जाता है कि आवेदक लखन लाल पिता रामदयाल साकिन ग्राम- मरकाडीह तहसील-जांजगीर, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं. ..... ग्राम में अपने/अपनी हरिदयाल के मृत्यु दिनांक 15.3.1998 को होने से मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 3.11.2023 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार न करते हुए आवेदक के मृत्यु पंजीयन की कार्यवाही कर दी जावेगीा।

आज दिनांक 13.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जांजगीर

## नाम निर्देशन के अंतिम दिन 06 अभ्यर्थियों द्वारा लिया गया नाम निर्देशन पत्र एवं 81 नाम निर्देशन पत्र हुए जमा

**जांजगीर-चांपा।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के संदर्भ में जिले के तीनो विधानसभा क्षेत्र के लिए 30 अक्टूबर नाम निर्देशन के अंतिम दिन 06 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिया गया एवं तीन विधानसभा क्षेत्रों से अभ्यर्थियों द्वारा कुल 81 नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 33 अकलतरा के लिए 02, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 34 जांजगीर-चांपा के लिए 01 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 38 पामगढ़ के लिए 03 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया। अकलतरा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 33 से भागवत केवंट, चरणदास पनिका जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 34 से डेविड जोसेफ एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 38 पामगढ से देवेन्द्र कुमार खाण्डेकर, संतोष कुमार खुंटे एवं चन्द्र मोहन पकवासा ने नाम निर्देशन पत्र लिया।

अकलतरा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 33 से 27, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 34 - जांजगीर-चांपा से 33 एवं पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 38 से 21 नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 33 - अकलतरा से राघवेन्द्र कुमार सिंह ने चार, दशरथ लाल पटेल ने तीन, राजेश सिंह ध्रुवे,महेत्तर गोड़, सुश्री वर्षा नेताम, भोला शंकर गोड़ ने दो, श्रीमती ऋचा जोगी ने चार, जीवन लाल यादव, सुनील कुमार किरण, विनोद शर्मा ने दो, त्रिपतीनाथ कैवर्त्य,भागवत प्रसाद केंवट ने दो, आनंद प्रकाश मिरी, शैल कुमार कुर्रे, रोहित कुमार पटेल ने दो, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 34 - जांजगीर-चांपा से श्री ` ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया।

# 93 अंक मिले सरकारी अस्पताल को निरीक्षण में



**जांजगीर - चांपा ।** कायाकल्प योजना में शामिल प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों को ग्रेड दिया जाएगा और पुरस्कृत किया जाएगा। छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग ने रैटिंग निर्धारण करने से पहले सभी जिला अस्पतालों के निरीक्षण के लिए टीम का गठन किया है। मंगलवार को रायगढ़ जिले की 9 सदस्यीय कायाकल्प की टीम ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। टीम ने जिला अस्पताल के लेबर रूम, ओटी, पैथोलेब, सहित साफ सफाई का जायजा लिया। टीम ने अस्पताल के हर एक व्यवस्थाओं की जांच की और स्टाफ नर्सों से आवश्यक जानकारी ली। साथ ही अस्पताल पहुंचे मरीजों से भी अस्पताल की सुविधाओं के बारे में पूछताछ की । टीम ने आठ बिन्दूओं में निरीक्षण करने के बाद अस्पताल की व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जाहिर करते हुए 93 प्रतिशत अंक दिए । राज्य को इसकी जानकारी भेजी जाएगी उसके बाद फिर एक दिन राज्य स्तर की टीम निरीक्षण करेगी ।

कायाकल्प योजना में शामिल जिला अस्पताल की रैटिंग फिक्स करने गठित रायगढ जिले की टीम ने मंगलवार को सिविल सर्जन रायगढ़ डा. आए एन मंडावी, डा. अभिषेक अग्रवाल , डा. देवेंद्र गुर्जर, मारिया धन , प्रमिला प्रधान, एकता थामस, लता मेहर, कमला पटेल और सुनील प्रधान ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। टीम ने अस्पताल की सुविधाओं से लेकर सफाई व्यवस्था पर संतोष जाहिर किया। सिविल सर्जन रायगढ़ डाक्टर आए एन मंडावी ने बताया कि डायरेक्टर स्वास्थ्य के निर्देश पर टीम का गठन किया गया है। हास्पिटल निरीक्षण के बाद रिपोर्ट को रायपुर भेजा जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर सरकार अस्पतालों की रैटिंग तय करेगी। टीम के सदस्यों ने बताया कि निरीक्षण के दौरान विभिन्न बिन्दुओं पर ध्यान रखा गया है। इसमें साफ सफाई, मशीन, प्रबंधन, मरीजों की सुविधाओं को भी शामिल किया गया है। अस्पताल में आए मरीजों के परिजनों ने बताया कि कायाकल्प टीम के आने से जिला चिकित्सालय आज काफी साफ सुथरा नजर आया। मरीजों के खाने पीने पर प्रबंधन ने पूरा ख्याल रखा। निरीक्षण के दौरान डा. अनिल जगत, डा. ममता जगत, डा. अश्वनी राठौर व स्टाफ नर्स उपस्थित थे।

पहले निरीक्षण के आधार पर जिला अस्पताल को 70 फीसदी से अधिक मिल गया था। इसके बाद ही कायाकल्प योजना में शामिल किया गया था। राज्य में सबसे ज्यादा अंक लाने पर जिला अस्पताल को 50 लाख रुपए, दूसरे स्थान पर 30 लाख व तीसरे स्थान पर 10 लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाता है। वहीं इसके अलावा सांत्वना पुरस्कार भी दिया जाता है।

## अवैध रूप से विस्फोटक सामान बेचने पर कार्रवाई

**जांजगीर - चांपा।** ग्राम कापन के एक किराना दुकान से पुलिस ने बोरी में रखे विभिन्न् प्रकार के पटाखे जब्त किए हैं। जब्त पटाखों की कीमत 51 सौरूपये है।जिले के किराना , जनरल स्टोर्स और इलेक्ट्रानिक्स दुकान का संचालन करने वाले व्यापारी छोटे बड़े व्यापारी दीपावली में बिक्री करने के लिए बड़ी मात्रा में अपने दुकानों और गोदामों में पटाखे भंडारित कर रखे हैं। इसी कड़ी में नैला पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कापन निवासी रमेश सिंह गौतम अपने किराना दुकान में बिक्री करने के लिए अवैध रूप से पटाखा भंडारण कर रखा है। सूचना पर पुलिस ने दबिश दी और दुकान की तलाशी ली तो एक प्लास्टिक के बोरी में रखें विभिन्ना प्रकार के पटाखे मिले। पटाखे की कीमत 51 सौ रूपये बताई गई है। पुलिस ने पटाखे को जब्त कर आरोपित किराना दुकान व्यापारी रमेश सिंह गौतम के विरुद्ध चौकी नैला में धारा 9 (ख) विस्फोट अधिनियम के तहत विधिवत कार्रवाई की ।



## अनमोल वचन

हजारों मील की यात्रा एक कदम से शुरू होती हैं ।

# हजारों मील की यात्रा एक कदम से शुरू होती हैं

//लोकेन्द्र सिंह राजपूत//

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की परंपरा में विजयादशमी के उत्सव पर सरसंघचालक के उद्बोधन का विशेष महत्व है। विजयादशमी हिन्दुओं का बड़ा सामाजिक उत्सव होने के साथ ही संघ की स्थापना का उत्सव भी है। इस उत्सव में सरसंघचालक जी का जो उद्बोधन होता है, उसमें स्वयंसेवकों के लिए पाथेय रहता है। इसके साथ ही उनके भाषण में समसामयिक मुद्दों को लेकर समाज की सज्जन शक्ति के लिए भी संदेश रहता है। चूँकि आज संघ पर सबकी निगाहें रहती हैं और विभिन्न विषयों को लेकर संघ के दृष्टिकोण को जानने की भी अपेक्षा रहती है, इसलिए भी विजयादशमी पर होने वाले सरसंघचालक के उद्बोधन को लेकर सबको विशेष उत्सुकता रहती है।**

सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी ने अपने उद्बोधन में सब प्रकार की बातों को ध्यान रखा। उन सब मुद्दों पर संघ का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया, जिन पर देशभर में चर्चाएं चल रही हैं। विजय का पर्व है, इसलिए देशवासियों के मन में उत्साह का संचार हो इसलिए उन्होंने अपने उद्बोधन की शुरुआत भारत की उपलब्धियों के साथ ही की। वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती, छत्रपति शिवाजी महाराज के हिन्दवी स्वराज्य की स्थापना के 350वें वर्ष, छत्रपति शाहू जी महाराज की 150वीं जयंती और संत श्रीमद् रामलिंग वल्ललार की 200वीं जयंती का उल्लेख करके उन्होंने यही संदेश दिया है कि अमृतकाल में जब हम भारत के 'स्व' के जागरण का उपक्रम कर रहे हैं, तब हमें ऐसी महान विभूतियों के जीवन से अवश्य ही प्रेरणा लेनी चाहिए। एक सामर्थ्यशाली राष्ट्र के निर्माण के लिए व्यवहार से लेकर व्यवसाय में और व्यक्ति से लेकर राष्ट्र की नीति में, 'स्व' दिखना चाहिए।देश एक करवट ले रहा है। सांस्कृतिक पुनर्जागरण का एक वातावरण भारत में दिखायी देने लगा है। अमृतकाल को अवसर मानकर एक बार फिर भारत अपने 'स्व' की ओर बढ़ रहा है। विश्व पटल पर भी अब भारत अपने 'स्व' के साथ अभिव्यक्त हो रहा है। इसके प्रमाण स्वरूप सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी ने 'जी-20 समूह' पर भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों की छाप को उल्लेखित किया। यह तो स्पष्ट ही दिखायी देता है कि भारत की अध्यक्षता में विश्व के सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों के समूह का दृष्टिकोण ही बदल गया। यह समूह अब तक अर्थ को केंद्र में रखकर दुनिया का विचार करता था, लेकिन अब इसका केंद्र बिन्दु मानव हो गया है। निःसंदेह, सरसंघचालक जी ने ठीक ही कहा कि भारत के विशिष्ट विचार एवं दृष्टि के कारण संपूर्ण विश्व के चिंतन में वसुधैव कुटुम्बकम् की दिशा जुड़ गई। जी-20 का अर्थकेन्द्रित विचार अब मानव केन्द्रित हो गया। जी-20 समूह की अध्यक्षता की ऐतिहासिक घटना का उल्लेख उन्होंने संभवतः इसलिए भी किया होगा, ताकि हम भारत के बढ़ते सामर्थ्य एवं गौरव की अनुभूति कराने वाली इस घटना को भूल न जाएं।देश की प्रगति को बाधित करने के प्रयत्नों में लगी शक्तियों की ओर भी समाज की सज्जनशक्ति का ध्यान आकर्षित कराने का प्रयास सरसंघचालक जी ने किया। उनके द्वारा उठाए गए ये प्रश्न विचारणीय हैं कि लगभग एक दशक से शांत मणिपुर में अचानक यह आपसी फूट की आग कैसे लग गई। क्या हिंसा करने वाले लोगों में सीमापार के अतिवादी भी थे। अपने अस्तित्व एवं भविष्य के प्रति आशंकित मणिपुरी मैतेयी समाज और कुकी समाज के इस आपसी संघर्ष को सांप्रदायिक रूप देने का प्रयास क्यों और किसके द्वारा हुआ। वर्षों से वहाँ पर सबकी समदृष्टि से सेवा करने में लगे संघ जैसे संगठन को बिना कारण इसमें घसीटने का प्रयास करने में किसका निहित स्वार्थ है। इस सीमा क्षेत्र में नागाभूमि व मिजोरम के बीच स्थित मणिपुर में ऐसी अशांति व अस्थिरता का लाभ प्राप्त करने में किन विदेशी सत्ताओं को रुचि हो सकती है? क्या इन घटनाओं का कारण परंपराओं में दक्षिण पूर्व एशिया की भू- राजनीति की भी कोई भूमिका है? देश में मजबूत सरकार के होते हुए भी यह हिंसा किन के बलबूते इतने दिन बेरोकटोक चलती रही है? गत 9 वर्षों से चल रही शान्ति की स्थिति को बरकरार रखना चाहने वाली राज्य सरकार होकर भी यह हिंसा क्यों भड़की और चलती रही? आज की स्थिति में जब संघर्षरत दोनों पक्षों के लोग शांति चाह रहे हैं, उस दिशा में कोई सकारात्मक कदम उठता हुआ दिखते ही कोई हादसा करवा कर, फिर से विद्वेष एवं हिंसा भड़काने वाली ताकतें कौन सी हैं?ये प्रश्न ऐसे हैं, जो भारत के प्रति भक्ति का भाव रखनेवाले प्रत्येक भारतीय नागरिक के मन में पहले दिन से उठ रहे हैं। वह भी इन प्रश्नों के उत्तर खोज रहा है। वह उत्तर तक पहुँच भी रहा है। उल्लेखनीय है कि मणिपुर में जब हिंसा के कारण सामान्य जन-जीवन अस्त-व्यस्त है, तब वहाँ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता जमीन पर उतरकर, बिना किसी भेदभाव के, दोनों ही वर्गों के बीच राहतकार्य संचालित कर रहे हैं। इसलिए संघ मणिपुर की हिंसा का सच अधिक नजदीक से देख पा रहा है। स्मरण रखें कि देश में जिस प्रकार का हिन्दुत्व का वातावरण बना है और राष्ट्रीय विचार की सरकार सत्ता के केंद्र में है, ऐसे में समाजकंटक ताकतों के फलने-फूलने के अवसर समाप्त हो गए हैं। यह भी कि पिछले कुछ वर्षों में सभी क्षेत्रों में भारत जिस तरह मजबूती से बढ़ रहा है, वह भी भारत विरोधी ताकतों को पच नहीं रहा है। ये अभारतीय ताकतें किसी भी कीमत पर हिन्दुत्व और राष्ट्रीय विचार को कमजोर करके भारत की प्रगति बाधित करना चाहती हैं। इसलिए पंजाब से लेकर मणिपुर और तमिलनाडु से लेकर जम्मू-कश्मीर तक, ये ताकतें समाज में अराजक वातावरण बनाने की साजिशें रच रही हैं। पिछले कुछ वर्षों में हुए अराजक आंदोलनों के पीछे भी इन ताकतों की भूमिका रही है।दुर्भाग्य से हमारी राजनीति में भी कुछ दल ऐसे भी हैं, जिनके लिए वोट की राजनीति ही सबकुछ है। चूँकि लोकतंत्र में जनता का समर्थन चाहिए होता है, इसलिए ये राजनीतिक दल समाज को टुकड़ों-टुकड़ों में बाँटकर अपना पक्ष मजबूत करने के प्रयत्न कर रहे हैं। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी ने इस प्रकार की राजनीति से भी सतर्क रहने के संकेत किए हैं। इन सब प्रयत्नों को विफल करने के लिए उन्होंने एक मंत्र दिया है- ÷यह भारत माता है, जो हम सबको जोड़ती है÷। उन्होंने यह भी कहा कि समाज को एकजुट करने के लिए अनेक स्तरों पर काम करना होगा। समाज की सज्जनशक्ति को अपना बहुत कुछ दांव पर लगाना होगा। दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति के कारण उत्पन्न परस्पर अविश्वास की खाई को पाटने में समाज के प्रबुद्ध नेतृत्व को एक विशेष भूमिका निभानी होगी। हमें सदैव स्मरण करते रहना चाहिए- ÷हमारे देश में विद्यमान सभी भाषा, प्रान्त, पंथ, संप्रदाय, जाति, उपजाति इत्यादि विविधताओं को एक सूत्र में बाँधकर एक राष्ट्र के रूप में खड़ा करने वाले तीन तत्व (मातृभूमि की भक्ति, पूर्वज गौरव एवं सबकी समान संस्कृति) हमारी एकता का अक्षुण्ण सूत्र हैं÷। सरसंघचालक जी ने 'सांस्कृतिक मार्क्सवाद और वोकिज्म' की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। दरअसल, अपने हिंसक एवं तानाशाही स्वरूप के कारण दुनिया में असफल और अस्वीकार हो चुका कम्युनिज्म का विचार अब 'सांस्कृतिक मार्क्सवाद और वोकिज्म' के रूप में अपने पैर पसारने की कोशिश कर रहा है। ऐसा लगता है कि वोक यानी अव्यवस्थाओं एवं शोषण के प्रति जगे हुए लोग होते हैं। परंतु वास्तविकता यह है कि ये लोग वोकिज्म के नाम पर अराजकता एवं अविश्वास का वातावरण बनाना चाहते हैं। प्रचार माध्यमों एवं अकादमियों में घुसपैठ करके देश की शिक्षा, संस्कार, राजनीति एवं सामाजिक वातावरण में भ्रम पैदा करते हैं। जब समाज में आपसी विवाद बढ़ने लगते हैं और अराजकता बढ़ जाती है, तब ये विध्वंसकारी ताकतें उस समाज को अपना शिकार बना लेती हैं। सरसंघचालक जी ने उचित ही ध्यान आकर्षित किया कि जिन्होंने 1920 में ही मार्क्स को भुला दिया और जिनका संस्कृति और संस्कार से कोई वास्ता ही नहीं, वे सांस्कृतिक मार्क्सवाद के नाम पर क्या ही करेंगे? इन्हें सुव्यवस्था, मांगल्य, संस्कार और संयम से विरोध है। आज समाज को इन ताकतों से भी सावधान रहने की आवश्यकता है। इन सब प्रकार की साजिशों का एक ही उत्तर है- 'समाज की एकता'। उनके पाथेय का सार यह है, जिसका सबको अनुसरण करना है- समाज की एकता, सजगता एवं सभी दिशा में निस्वार्थ उद्यम, जनहितकारी शासन एवं जनोन्मुख प्रशासन 'स्व' के अधिष्ठान पर खड़े होकर परस्पर सहयोगपूर्वक प्रयासरत रहते हैं, तभी राष्ट्र बल वैभव सम्पन्न बनता है। बल और वैभव से सम्पन्न राष्ट्र के पास जब हमारी सनातन संस्कृति जैसी सबको अपना कुटुंब मानने वाली, तमस से प्रकाश की ओर ले जाने वाली, असत् से सत् की ओर बढ़ाने वाली तथा मर्त्य जीवन से सार्थकता के अमृत जीवन की ओर ले जाने वाली संस्कृति होती है, तब वह राष्ट्र, विश्व का खोया हुआ संतुलन वापस लाते हुए विश्व को सुख-शांतिमय नवजीवन का वरदान प्रदान करता है। वर्तमान समय में हमारे अमर राष्ट्र के नवोत्थान का यही प्रयोजन है।

## भारत का संदेश क्या है

भारत सरकार को यह बात अवश्य याद रखनी चाहिए कि उसके सामने असली चुनौती वह रुख और संदेश तय करने की है, जिससे वह भारत को नए उभरते वैश्विक ढांचे में नेतृत्वकारी भूमिका रखने वाले देशों में शामिल कर सके। यह खबर महत्त्वपूर्ण है कि भारत अपनी विदेश सेवा के पुनर्गठन की योजना बना रहा है। इसके तहत प्रवेश स्तर (एंट्री लेवल) के अधिकारियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसके पहले विदेश मामलों की संसदीय स्थायी कमेटी ने एक रिपोर्ट में कहा था कि भारत की राजनयिक सेवा अपेक्षाकृत छोटी अर्थव्यवस्था वाले देशों के मुकाबले भी कम स्टाफ वाली है। कमेटी ने सिफारिश की थी कि भारतीय विदेश सेवा में मौजूद बल की तुलना और चीन के राजनयिक मिशनों और अन्य प्रमुख विकासशील देशों की विदेश सेवाओं के साथ की जानी चाहिए। हाल में भारत सरकार ने भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) की समीक्षा और पुनर्गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बदलते वक्त के तकाजों को अगर ध्यान में रखें, तो इस निर्णय को स्वागतयोग्य माना जाएगा। मगर इससे यह सोच लेना शायद सही नहीं होगा कि यह कदम उठा लिए जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय संबंधों और विश्व मंचों पर भारत की उपस्थिति अधिक प्रभावशाली हो जाएगी। आखिरकार आईएफएस अधिकारी महज संदेशवाहक होते हैं। संदेश देश का राजनीतिक नेतृत्व तैयार करता है। इस समय सबसे ज्यादा भ्रम इसको लेकर पैदा हो गया है कि प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर भारत का रुख क्या है और वह दुनिया को क्या संदेश देना चाहता है। बीते पौने दो साल के अंदर दुनिया में दो बड़े संकट (यूक्रेन युद्ध और इजराइल-फिलस्तीन युद्) खड़े हुए। मगर इन दोनों मामलों में भारत का रुख संयुक्त राष्ट्र जैसे मंच पर मतदान में भाग ना लेना है। उधर दुनिया में तीखे होते ध्रुवीकरण के बीच हर नाव पर कदम रखने की नीति थोड़े समय के लिए लाभदायक हो सकती है, लेकिन उससे देश की छवि और हैसियत नहीं चमकेगी। सरकार को यह अवश्य याद रखना चाहिए कि उसके सामने असली चुनौती वह रुख और संदेश तय करने की है, जिससे वह भारत को नए उभरते वैश्विक ढांचे में नेतृत्वकारी भूमिका रखने वाले देशों में शामिल कर सके। वरना, विदेश सेवा का विस्तार महज ऐसे नौकरशाहों की संख्या बढ़ना भर बनकर रह जाएगा, जो पेचीदा मुद्दों पर वैश्विक बहस के बीच दिशाहीन नजर आएंगे। उसे याद रखना चाहिए कि नौकरशाहों का दिशा-निर्देशन करना उसका दायित्व है।

# दिल्ली से दोहा- भारत की परीक्षा!

//अजीत द्विवेदी//

**कतर में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों को फांसी की सजा हुई है। कतर की निचली अदालत ने क्या आरोप तय किए हैं और किस आरोप में फांसी की सजा सुनाई है उसे सार्वजनिक नहीं किया गया है। लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन पर आरोप है कि वे कतर में रह कर इजराइल के लिए जासूसी कर रहे थे। पहले पिछले साल अगस्त में उनको गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद उनसे बहुत सख्त पूछताछ हुई। खबरों के मुताबिक पूछताछ के दौरान ज्यादती भी हुई। गिरफ्तारी के एक महीने बाद उनके परिजनों से उनका संपर्क हुआ और अक्टूबर में जाकर उनको कौंसुलर एक्सेस मिली। तभी कतर में भारत के राजदूत ने गिरफ्तार नौसेना अधिकारियों से मुलाकात की थी। उनकी फांसी की सजा पर भारत सरकार ने जो प्रतिक्रिया दी उससे लगता है कि फैसला अचानक आया और भारत को अंदाजा नहीं था कि फांसी की सजा हो सकती है। विदेश मंत्रालय ने पहली प्रतिक्रिया में कहा कि वह हैरान और स्तब्ध है। इसका मतलब है कि भारत को यह अंदाजा तो था कि सजा होगी लेकिन फांसी की सजा होगी यह अंदाजा नहीं था।**

अगर कतर की न्यायिक व्यवस्था को देखें तो इसके बाद अपील की अदालत का रास्ता है और उसकी सर्वोच्च अदालत व फिर कतर के अमीर के पास अपील का रास्ता भी है। लेकिन आमतौर पर निचली अदालत से हुई सजा को बरकरार रखा जाता है और उस पर तत्काल अमल हो जाता है। जैसे 2017 में नेपाल के नागरिक अनिल चौधरी के साथ हुआ था। नेपाल के दूतावास को सूचना देने के एक दिन बाद ही चौधरी की फांसी की सजा पर अमल हो गया था। इसका मतलब है कि पहले चरण में ही भारत को सारी ताकत लगानी चाहिए थी। बहरहाल, अब भी भारत के पास रास्ता है कि किसी तरह से मामला अपील की अदालत में जाए और वहां भारतीय नागरिकों को बचाने का प्रयास हो। साथ ही बैक चैनल कूटनीति के जरिए भी उनकी रिहाई का प्रयास होना चाहिए।

लेकिन उससे पहले सवाल है कि भारत ने पिछले 14 महीने में क्या कूटनीतिक प्रयास किए और अपनी बढ़ती ताकत, जिसका आए दिन भारत में प्रचार किया जाता है, उसका क्या इस्तेमाल किया? अगर भारत विश्वगुरू और विश्वमित्र है और दुनिया में पहले के मुकाबले उसकी बात ज्यादा सुनी जा रही है और बकौल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, दुनिया में कोई भी बड़ा फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछे बगैर नहीं हो रहा है तो फिर आठ भारतीय नागरिकों को फांसी की सजा का फैसला कैसे हो गया? कतर ने क्यों भारत का लिहाज नहीं किया? क्या आठ भारतीयों का गुनाह इतना बड़ा है कि कतर ने भारत की परवाह करने की जरूरत नहीं समझी? ध्यान रहे कतर में आठ लाख भारतीय हैं, जो वहां की अर्थव्यवस्था और रोजमर्रा के जीवन में बड़ा योगदान कर रहे हैं। भारत के साथ उसका मजबूत कारोबारी संबंध है। भारत अपनी जरूरत का 40 फीसदी प्राकृतिक गैस कतर से लेता है और कतर को निर्माण सामग्री और खाने-पीने की ताजा वस्तुओं की आपूर्ति के मामले में भारत तीसरा सबसे बड़ा देश है। 2017 में खाड़ी देशों की पाबंदी के बावजूद भारत और कतर के कारोबारी संबंध कायम रहे थे। इसके बावजूद कतर ने भारतीय नागरिकों के लिए सबसे बड़ी सजा का ऐलान किया। कतर इस किस्म के उकसाने वाले काम करता रहता है। भारत का भगोड़ा जाकिर नाईक भी कतर में हुए फीफा वर्ल्ड कप के दौरान दिखाई दिया था। कतर वैसे भी मुस्लिम ब्रदरहुड का समर्थन करने वाला देश है। इसलिए इस पूरे घटनाक्रम में कानूनी कार्रवाई से इतर कोई अन्य पहलू होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

कतर में गिरफ्तार और फांसी की सजा पाए भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारियों में कई बड़े सम्मानित पदों पर रहे हैं और भारतीय जलपोतों पर बड़ी भूमिका निभा चुके हैं। उनके ऊपर जासूसी का आरोप लगाना न सिर्फ उनका, बल्कि भारत की नौसेना की महान परंपरा और भारत के लिए भी अपमानजनक है। उनकी गिरफ्तारी के समय से ऐसी खबरें आती रही हैं कि यह एक साजिश है, जिसमें पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी ने बड़ी भूमिका निभाई है। यह भी कहा जा रहा है कि पिछले 14 महीने में अपने नागरिकों को छुड़ाने के लिए जितना प्रयास भारत ने किया उससे ज्यादा प्रयास पाकिस्तान ने इस बात का किया कैसे भारतीय नागरिकों को बड़ी से बड़ी सजा हो जाए। इस पूरे प्रकरण से एक वैश्विक ताकत होने का जो भ्रम भारत की ओर से रचा जा रहा था वह खुल गया है। अब चाहे कितना भी प्रचार हो वह भ्रम फिर से बहाल नहीं हो सकता है। इसके बावजूद भारत सरकार को अपने नागरिकों को फांसी की सजा से बचाने का प्रयास करना चाहिए।

इसके लिए कुछ लोग दिसंबर का इंतजार करने को कह रहे हैं क्योंकि 18 दिसंबर को कतर के अमीर का जन्मदिन है और अपने जन्मदिन पर वे दोषियों की सजा माफ करते हैं और उनकी रिहाई का आदेश देते हैं। लेकिन अगर ऐसा होता है तो यह और भी अपमानजनक होगा। हालांकि भारत में पिछले कुछ समय से हर किस्म के अपमान को सम्मान बताने का सिलसिला एक नियम के तौर पर स्थापित हो गया है। फिर भी नौसैनिकों के मामले में ऐसा न हो तो बेहतर होगा। भारत को अमीर के जन्मदिन पर अपने सम्मानित नौसैनिकों की रिहाई का इंतजार नहीं करना चाहिए। भारत को अपनी सामरिक, आर्थिक व वैश्विक कूटनीतिक शक्ति का इस्तेमाल करके अपने नागरिकों को छुड़ाने का प्रयास करना चाहिए। दुनिया ने देखा कि किस तरह से इजराइल पर हमला करने वाले हमास की कैद से अमेरिकी बंधक छुड़ाए गए हैं। वह विश्व शक्ति का तरीका होता है। कतर ने हमास पर दबाव डाल कर दोनों अमेरिकी बंधकों को छुड़वाया।

सबको पता है कि पश्चिम एशिया में अमेरिका के सबसे भरोसेमंद सहयोगियों में कतर भी हैं। यह भी कहा जाता है कि वह अमेरिका का सबसे भरोसेमंद गैर-नाटो सहयोगी है। इसी तरह से जिस देश ने भारतीय नागरिकों पर जासूसी का आरोप लगाया है और जिस देश के लिए जासूसी का आरोप लगा है यानी इजराइल, दोनों अमेरिका के नजदीकी सहयोगी हैं। सो, निश्चित रूप से भारत और अमेरिका को पता चल गया होगा कि जासूसी के आरोपों में कितनी सचाई है।

## राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। बिजनेस के लेन-देन में ख्याल रखें, पहले सब कुछ अच्छे से जांच परख लें। इस राशि की जो महिलाएं ग्रह उद्योग शुरू करना चाहती हैं उनको परिवार से पूरा सपोर्ट मिलेगा। आपकी बातों से किसी की भावनाओं को ठेस न पहुचे इस बात का ख़ास ख्याल रखेंगे।

वृष राशि-आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। वर्क फ्रॉम होम कर रहे लोगों का पेंडिंग वर्क आज कम्पलीट हो जाएगा, आप काम के नए टारगेट बनायेंगे। होलसेल का व्यापार करने लोगों को अधिक मुनाफा होगा। जो लोग फिल्म जगत से जुड़े हैं उनको काम का अच्छा ऑफर मिल सकता है।

मिथुन राशि-आज आपके दिन की शुरुआत सामान्य रहेगी। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज किसी प्रॉपर्टी डीलर से बातचीत करेंगे। आज अपने जीवनसाथी को किसी मामूली बात पर डांटने की बजाए विनम्रता से समझाएंगे तो रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। माताएं अपने बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए कुछ ठोस कदम भी उठा सकती हैं।

कर्क राशि- आज आपका दिन बेहतर रहेगा। दूरदराज के लोगों से संपर्क बनाकर बिजनेस करना लाभकारी रहेगा, आपके जीवन साथी का समर्थन और प्यार आपके दांपत्य जीवन को मजबूत करेगा।

सिंह राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। इस राशि कि जो लोग संगीत के क्षेत्र में रुझान रखते हैं उनके लिए आज का दिन अच्छा है, फिल्म इंडस्ट्री से कोई ऑफर भी आ सकता है। किसी करीबी रिश्तेदार के आने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा।

कन्या राशि-आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। पारिवारिक मामलों में आज थोड़ी बहुत नोक-जोक हो सकती है। लेकिन जल्दी ही सब सही भी हो जाएगा। आप जिस भी काम को करेंगे वह काम निश्चित रूप से पूरा हो जाएगा आप अपनी ताकत और प्रतिष्ठा से पहचाने जाएंगे।

तुला राशि-आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज ऑफिस के काम से आपकी यात्रा हो सकती है, यह यात्रा आपके लिए लाभदायक साबित होगी, इस यात्रा के दौरान आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जिसकी बातों से आपको नई सीख मिलेगी।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपका कोई काम जो बहुत दिन से रुका हुआ था वो आज पूरा हो जाएगा। इस काम में आपको जीवनसाथी का भी सहयोग मिल सकता है। इस राशि के जो लोग लोहे के व्यापार से जुड़े हैं उनको ज्यादा लाभ के योग हैं। आज अचानक किसी अतिथि के आने से घर में उल्लास का माहौल बन जायेगा।

धनु राशि-आज आपका दिन एक नई उमंग लेकर आया है। इस राशि के जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उनको ज्यादा प्रसिद्धि मिलेगी। आप किसी सामाजिक कार्यक्रम में जायेंगे, जहां पर लोगों पर आपकी बातो से अच्छा इंप्रेशन पड़ेगा।

मकर राशि- आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज रुका पैसा आपको मिल जाएगा। इससे आपको अपने खर्चों को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस राशि के जो लोग आर्किटेक के क्षेत्र से जुड़े हैं उनके लिए आज का दिन कुछ सीखने का है। आज आपके पास आराम के लिए कम समय रहेगा क्योंकि पहलें के टाले काम को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे।


कुंभ राशि-आज का दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आप किसी धार्मिक समारोह मे शामिल होंगे, आपके द्वारा समाज में किए गए कामों से आपका सम्मान बढ़ेगा इससे आपको गर्व होगा। इस राशि की जो महिलाएं वर्क फॉम होम करना चाहती हैं उनके लिए आज का दिन शुभ है, आपको जल्द ही अच्छा लाभ मिलेगा।

मीन राशि-आज का दिन बेहद ख़ास पल लेकर आया है। आप कोई आप अपनी योजनाओं के बारे में किसी उच्चाधिकारी से बात करेंगे ,आपकी जो भी समस्या है उसका सॉल्यूशन मिल जाएगा। आज दोस्तों के साथ अपने रवैए पर कंट्रोल करने की जरूरत है नहीं तो अच्छी खासी दोस्ती में दरार पड़ सकती है।

## तस्वीरों की दुनिया



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने बेंगलुरु में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।



अमृतसर में करवा चौथ त्योहार से पहले महिलाएं अपने हाथों को मेहंदी से सजाती हुई।



राजमुंदरी जेल से बाहर आने पर टीडीपी प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू ने परिवार के सदस्यों से मुलाकात की।



रांची में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए एक बैठक के दौरान सीपीआई (एम) के झारखंड मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सीपीआई (एम) पोलित ब्यूरो सदस्य बृंदा करात।



लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने पटना में अपने जन्मदिन समारोह के दौरान केक काटा।




मिड-डे मील कर्मियों ने पटना में अपने वेतन में बढ़ोतरी और अपनी नौकरियों को नियमित करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

# इजरायल और यूक्रेन के लिए सहायता हो मंजूर, अमेरिकी संसद से रक्षा मंत्री ऑस्टिन और विदेश मंत्री ब्लिंकन का आग्रह

**वाशिंगटन, 01 नवंबर [एजेंसी]।**

अमेरिका के रक्षा मंत्री लायड ऑस्टिन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने अमेरिकी संसद से इजरायल और यूक्रेन के लिए तत्काल सहायता मंजूर करने का अनुरोध किया है। उन्होंने अपनी दलीलें रखते हुए कहा कि व्यापक सहायता देने से दुनियाभर में अमेरिका के विरोधियों को अमेरिकी ताकत का संदेश मिलेगा। अमेरिका के जो बाइडन प्रशासन ने दोनों युद्धरत देशों के लिए 105 अरब डॉलर की आपात सहायता देने का प्रस्ताव किया है। डेमोक्रेटिक पार्टी के बहुमत वाले उच्च सदन सीनेट में प्रस्ताव को समर्थन मिलने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन रिपब्लिकन पार्टी के बहुमत वाले निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में प्रस्ताव को समर्थन मिलने में समस्या है। नए स्पीकर



माइक जानसन ने सिर्फ इजरायल पर फोकस करने और इसके भुगतान के लिए आंतरिक राजस्व सेवा के लिए धन में कटौती करने का प्रस्ताव किया है। अमेरिकी संसद में इस मुद्दे पर मतभेद गहराने पर ब्लिंकन और ऑस्टिन ने चेतावनी दी कि रूस के साथ युद्ध में यूक्रेन और हमास के विरुद्ध कार्रवाई में इजरायल की मदद में विफल रहने के भयानक परिणाम होंगे। अमेरिका की निष्क्रियता अमेरिका और बाकी दुनिया की सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। ऑस्टिन ने कहा कि अगर अमेरिका ने यूक्रेन को अपनी मदद जारी नहीं रखी तो पुतिन (रूसी राष्ट्रपति) और मजबूत व सफल हो जाएंगे, जो वह चाहते हैं।

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के जांचकर्ताओं ने मंगलवार को रूस से अनुरोध किया कि वह यूक्रेन के एक गांव में 59 लोगों की जान लेने वाले एक मिसाइल हमले की जिम्मेदारी लेकर घटना की पारदर्शी जांच कराए और पीड़ितों को मुआवजा दिलाने के साथ इसके लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय करे। पांच अक्टूबर को इस हमले में 36 महिलाओं, 22 पुरुषों और एक आठ वर्षीय लड़के की मौत हो गई थी। हमला इतना भयावह था कि कई शवों के टुकड़े-टुकड़े हो गए और सभी मृतकों की पहचान करने में लगभग एक सप्ताह लग गया था।

# एक्टिंग के साथ डर्ट बाइक रेसिंग के भी शौकीन हैं आमिर, स्क्रिप्ट मिलने के बाद सबसे पहले करते हैं ये काम



**मुंबई, 01 नवंबर [एजेंसी]।**

किसी भी शो या प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने को लेकर कलाकारों के अपने कारण होते हैं। कभी वह कहानी से प्रभावित होते हैं, कभी भूमिका, कभी सहकलाकार, तो कभी उससे मिलने वाली फीस उनके लिए हां करने का कारण बनती है।बालवीर रिटर्न्स, अलादीन और नाम तो सुना होगा धारावाहिकों के अभिनेता आमिर दलवी फिलहाल धारावाहिक दबंगी, मुलगी आई रे आई में सत्या की स्याह भूमिका निभा रहे हैं। इस शो को लेकर बातचीत में आमिर कहते हैं, 'मुझे इस शो के लिए जून में निर्माताओं की तरफ से फोन आया था।उन्होंने मुझे इसकी संकल्पना और कहानी के बारे में बताया।

मुझे उनके कहानी बताने का तरीका बहुत पसंद आया, तो मैंने इसे स्वीकार कर लिया। हर भूमिका के लिए अपना होमवर्क तो होता ही है, फिर सेट पर स्क्रिप्ट और सीन मिलने के बाद आप उसे अपनी तैयारियों के अनुसार ढालने का प्रयास करते हैं। मैंने इस पात्र की पृष्ठभूमि, उसके शारीरिक हाव-भाव और बातचीत की शैली को लेकर काफी होमवर्क किया था।'कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि आमिर अपनी भूमिका साल 1998 में प्रदर्शित फिल्म सत्या के नायक से प्रेरित होकर निभा रहे हैं। इस पर उनका कहना है कि मेरी भूमिका सत्या से प्रेरित होने की बात बिल्कुल गलत है, मेरे पात्र का सिर्फ नाम सत्या है, उसका अपना अलग व्यक्तित्व है यह किसी से प्रेरित नहीं है। इस शो में आमिर के साथ अभिनेत्री सई देवधर और अभिनेता मानव गोहिल भी अहम भूमिकाओं में हैं।

# अब बिना रजिस्ट्रेशन नहीं चले सकेंगे निजी अस्पताल, इन मानकों का करना होगा पालन, विभाग ने जारी की अधिसूचना



**पटना, 01 नवंबर [एजेंसी]।**

प्रदेश में किसी भी श्रेणी के अस्पताल, नर्सिंग होम के साथ डिस्पेंसरी या मेटरनिटी अस्पतालों के संचालन के लिए निबंधन अनिवार्य रूप से कराना होगा। बिना निबंधन अस्पताल चलाना संभव नहीं हो पाएगा। संबंधित अस्पतालों को निबंधन के साथ ही न्यूनतम मानकों का भी पालन करना होगा।सरकार ने इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करने के लिए क्लिनिकल स्टैब्लिशमेंट रेगुलेशन को क्रियांवित करने के लिए राज्य परिषद एवं जिला रजिस्ट्रीकरण प्रधिकार का पुनर्गठन कर दिया है। जिसकी अधिसूचना स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को जारी कर दी।विभाग के आदेश के मुताबिक राज्य परिषद की अध्यक्षता स्वास्थ्य सचिव करेंगे, जबकि इस परिषद में सदस्य सचिव होंगे निदेशक प्रमुख प्रशासन।

सदस्य के रूप में बिहार काउंसिल ऑफ मेडिकल रजिस्ट्रेशन के अध्यक्ष, डेंटल काउंसिल के प्रतिनिधि, निदेशक देसी चिकित्सा, निबंधन परिषद के निबंधक, फूड परिषद के अध्यक्ष, आयुर्वेदिक, सिद्धी एवं यूनानी परिषद के प्रतिनिधि, आइएमए के अध्यक्ष, पारा मेडिकल से संबंधित प्रतिनिधि, इंडियन रेडक्रास सोसाईटी के प्रतिनिधि, रोटरी क्लब के प्रतिनिधि रहेंगे।जबकि जिला स्तर पर गठित रजिस्ट्रीकरण प्राधिकार में जिलाधिकारी को अध्यक्ष पद का जिम्मा सौंपा गया है। संयोजक सिविल सर्जन होंगे।

सदस्यों में जिले के आरक्षी अधीक्षक, उप विकास आयुक्त और जिला आइएमए के अध्यक्ष को शामिल किया गया है। विभाग के अनुसार किसी भी अस्पताल को निबंधन के लिए न्यूनतम मानकों का पालन करना होगा। निर्धारित कार्मचारियों की उपलब्धता रखनी होगी। जितने भी मेडिकल रिकार्ड हैं उनका रखरखाव करना होगा रिपोर्ट उपलब्ध कराने की व्यवस्था करनी होगी। रजिस्ट्रीकरण के लिए अस्पतालों को निर्धारित फीस के साथ आनलाइन या आफलाइन आवेदन देना होगा।

# धामी ने सिंचाई के लिए यूपी से मांगा 665 क्यूसेक पानी, राज्यों के परिसंपत्तियों के बंटवारे पर भी चर्चा



**देहरादून, 01 नवंबर [एजेंसी]।**

हरिद्वार जिले के भगवानपुर समेत अन्य क्षेत्रों में सिंचाई के लिए पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने को लेकर सरकार सक्रिय हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के प्रवास के दौरान लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर हरिद्वार के असिंचित क्षेत्रों के लिए गंग नहर से 665 क्यूसेक पानी उपलब्ध कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हरिद्वार के तीन विकासखंडों के 74 गांवों की 18280 हेक्टेयर असिंचित भूमि की सिंचाई के लिए 35 किलोमीटर लंबी इकबालपुर नहर के निर्माण के साथ ही कनखल व जगजीतपुर नहर की क्षमता विस्तार प्रस्तावित है। सिंचाई के लिए आसपास नदी या अन्य कोई जलस्रोत उपलब्ध न होने के दृष्टिगत गंग नहर से राज्य को पानी दिया जाना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री धामी ने उप्र के मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि पूर्व में उप्र सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता (गंग नहर संचालन मंडल) ने गंग नहर से 665 क्यूसेक पानी केवल खरीफ फसल के लिए उत्तराखंड को उपलब्ध कराने की फिजिबिलिटी रिपोर्ट दी थी। साथ ही कहा था कि रबी फसल की सिंचाई को पानी उपलब्ध नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि टिहरी बांध से उत्तर प्रदेश को 4879 क्यूसेक पानी अतिरिक्त दिया जा रहा है।उप्र की प्रस्तावित उपयोगिता 4000 क्यूसेक है। ऐसे में शेष 879 क्यूसेक पानी में से हरिद्वार के लिए 665 क्यूसेक उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इस पर सहमति उत्तर प्रदेश शासन स्तर पर लंबित है। आग्रह किया कि इस संबंध में जल्द स्वीकृति प्रदान की जाए। परिसंपत्तियों के हस्तांतरण को जारी हों शासनादेश मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के मध्य परिसंपत्तियों के बंटवारे के संबंध में भी विमर्श किया।उन्होंने कहा कि हरिद्वार जिले में सिंचाई विभाग की 615.836 हेक्टेयर भूमि, 348 आवासीय व 167 अनावासीय भवन उत्तराखंड को हस्तांतरित करने के संबंध में दोनों राज्यों के मुख्य सचिव स्तर पर सहमति हो चुकी है। इसी प्रकार ऊधम सिंह नगर जिले में 332.74 हेक्टेयर भूमि में से नानक सागर बांध डूब क्षेत्र की 322 हेक्टेयर भूमि से अतिक्रमण हटाने और शेष 10.748 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराने के बारे में भी शीघ्र निर्णय लेने की अपेक्षा की। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि बनबसा में भूमि का सर्वेक्षण कर कंटूर मैप व प्लान तैयार करने के साथ ही विभिन्न प्रकार की भूमि का अंकन कर लिया गया है।उत्तराखंड सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने वहां 1410.55 हेक्टेयर में से 162.05 हेक्टेयर भूमि को हस्तांतरण के लिए उपयुक्त पाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन बिंदुओं पर भी दोनों राज्यों के मुख्य सचिवों की बैठक में सैद्धांतिक सहमति बन चुकी है। साथ ही आग्रह किया कि जिन विषयों पर सहमति बन चुकी हैं, उनके मामले में शीघ्र शासनादेश निर्गत किए जाएं। श्रीअन्न के उत्पाद किए भेंट मुख्यमंत्री धामी ने उप्र के मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान उन्हें भगवान बदरी विशाल की प्रतिमा भेंट की। साथ ही राज्य में उत्पादित श्रीअन्न से बने उत्पाद भी उपहार स्वरूप भेंट किए।

## दुनियाभर में प्रसिद्ध बाघिन माया लापता, सर्च के लिए लगे 100 कैमरा ट्रैप

**मुंबई।** दुनियाभर में प्रसिद्ध बाघिन माया एक माह से अधिक समय से लापता है। ताडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व एक अक्टूबर से पर्यटन के लिए खुल गया है। लेकिन ताडोबा क्वीन माया पर्यटकों को नहीं दिख रही है। जिससे ताडोबा प्रबंधन की चिंता बढ़ गई है।बताया गया है कि ताडोबा क्वीन माया को आखिरी बार 25 सितंबर को देखा गया था। उसके बाद माया नजर नहीं आई। लिहाजा उसकी तलाश के लिए पूरे जंगल में 100 से अधिक कैमरा ट्रैप लगाए गए है। बाघिन माया को ताडोबा टाइगर रिजर्व की रानी के रूप में जाना जाता है। माया को 35 दिन से ज्यादा समय से किसी ने नहीं देखा है। वन विभाग के अधिकारियों और विशेषज्ञों का मानना है कि उसने एकांत में शावकों को जन्म दिया होगा और उसे ट्रैक करने का प्रयास जारी है। माया (टी-15) के जन्म की सही तारीख पता नहीं है, लेकिन जो लोग टीएटीआर का भ्रमण करने जाते थे और उसकी तस्वीरें लेते थे, उनका कहना है कि उसका जन्म 2010-2011 में हुआ होगा।

## योगी कैबिनेट का बड़ा फैसला, अब इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम होगा और हाईटेक, मिलेगी तुरंत सुविधा

**लखनऊ।** कैबिनेट ने प्रदेश के इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम यूपी 112 का उच्चीकरण करने की मंजूरी दे दी है। इसके दूसरे चरण में रिस्पांस के समय को 13 मिनट से कम करके तत्काल रिस्पांस की व्यवस्था बनाने की कवायद की जा रही है। साथ ही कर्मचारियों का प्रशिक्षण अब निजी कंपनी की बजाय यूपी 112 द्वारा करवाने का निर्णय लिया गया है। इस बारे में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि पहले चरण के लिए यूपी 112 को विकसित करने के लिए तीन वर्ष के लिए कंपनियों का चयन किया गया था। उनका समय समाप्त होने के बाद इसे लोगों की सुविधा के लिए और विकसित किए जाने की जरूरत महसूस हो रही थी। अभी 112 से रिस्पांस मिलने का समय 13 मिनट है। इसे कम करना सरकार की प्राथमिकता में शामिल हैं। कोशिश है कि लोगों को तत्काल रिस्पांस मिल सके।

# इजरायल पर हमास के हमले ने बढ़ाई अमेरिका की चिंता, FBI के निदेशक ने किया अलर्ट



**वाशिंगटन।** इजरायल और हमास के बीच सात अक्टूबर से जारी जंग से अमेरिका में भी खलबली मच गई है। एफबीआई के निदेशक ने मंगलवार को बड़ी चेतावनी दी है। फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन के निदेशक क्रिस्टोफर रे ने कहा कि इजरायल पर हमास का हमला लगभग एक दशक पहले आईएसआईएस के उदय के बाद से अमेरिका के लिए सबसे बड़ा आतंकवादी खतरा पैदा करेगा।रे ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में गाजा में इजरायल-फलस्तीनी संघर्ष की शुरुआत के बाद से कई विदेशी आतंकवादी संगठनों ने अमेरिका और पश्चिम के खिलाफ हमलों का आह्वान किया है। इससे घरेलू अमेरिकी हिंसक चरमपंथियों द्वारा उत्पन्न खतरा बढ़ गया है। FBI के निदेशक ने कहा कि हमास और उसके सहयोगियों की कार्रवाई एक प्रेरणा के रूप में काम करेगी, जैसा कि हमने कई साल पहले आईएसआईएस द्वारा तथाकथित खिलाफत शुरू करने के बाद से नहीं देखा है।

रे की यह टिप्पमी अमेरिकी सीनेट की होमलैंड सुरक्षा और सरकारी मामलों की समिति के सामने एक सुनवाई के दौरान आई। यह सुनवाई अमेरिका के लिए खतरों पर केंद्रित थी। अधिकारियों ने कहा है कि गाजा में लड़ाई शुरू होने के बाद से अमेरिकी सरकार ने यहूदियों, मुसलमानों और अरब अमेरिकियों के खिलाफ खतरों में वृद्धि देखी है।एफबीआई निदेशक ने कहा कि इस महीने ईरान समर्थित मिलिशिया समूहों द्वारा विदेशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमलों की संख्या बढ़ गई है।

# बागी नेताओं को वापस लाने पर भाजपा का जोर, अब अमित शाह की इस रणनीति पर काम करेगी भाजपा

**भोपाल, 01 नवंबर [एजेंसी]।**



भाजपा अगले दो दिन केवल बागियों को मनाने में जुटेगी। पार्टी ने सभी जिलाध्यक्षों के साथ पार्टी के बड़े नेताओं को जिम्मेदारी दी है कि चुनाव में भाजपा का कोई बागी खड़ा नहीं होना चाहिए। इसके लिए प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी बागी नेताओं से बातचीत करेंगे।कई विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने भी नामांकन पत्र भर दिए हैं, ऐसे पूर्व मंत्री या पूर्व विधायकों से बातचीत कर उनकी नाम वापसी करने की जिम्मेदारी प्रदेश संगठन को भी सौंपी गई है। मोती कश्यप, कमलेश अग्रवाल, ज्योति दीक्षित जैसे नेताओं को मनाने के लिए कई बड़े नेताओं को लगाया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अक्टूबर के अंतिम सप्ताह तीन दिन तक मध्य प्रदेश में संभावार दौरे पर रहे। उन्होंने तीन दिन में 10 संभागों की बैठकें कर केवल पार्टी में उठ रहे असंतोष को शांत करने के लिए नाराज नेताओं से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उन्हें समझाया। बैठकों में शाह ने नेताओं और कार्यकर्ताओं से स्पट रूप से कहा था कि यह समय रूठने का नहीं। प्रत्येक कार्यकर्ता की पार्टी से अपेक्षा होती है, प्रत्याशी के समर्थन में कार्य करें और चुनावी प्रचार में जी जान से जुट जाए, पार्टी किसी भी कार्यकर्ता की उपेक्षा नहीं करती है, भाजपा की सरकार निश्चित ही बन रही है, आप सब का ध्यान रखा जाएगा।

शाह की समझाइश के बाद कुछ हद तक पार्टी में उठ रहा असंतोष थमा तो है, लेकिन बागियों के असली चेहरे अब सामने आएंगे।दो नवंबर तक अभ्यर्थी अपने नाम वापस ले सकते हैं, इसके बाद बागी नेताओं की लंबी फेहरिस्त सामने आएगी। तीन नवंबर को बागियों के चेहरे साफ हो जाएंगे। नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भाजपा का पूरा जोर बागी नेता-कार्यकर्ता को मनाने पर रहेगा।पार्टी के बागी भी चुनाव मैदान में हैं और कुछ नामांकन पत्र भी जमा कर चुके हैं। इन्हें मनाने के लिए अलग-अलग स्तर पर पार्टी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। वहीं बागी नेता पार्टी के विरूद्ध कोई विपरीत माहौल न बनाए इसको लेकर तैयार की गई है। शाह ने बागियों को मनाने के लिए तीन दिन बैठकें कर रणनीति बनाई है। शाह की इसी रणनीति पर भाजपा काम करेगी।

# अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिन आज रखेंगी करवा चौध व्रत, अमृत योग के विशेष संयोग में दिखेगा चांद

**रांची, 01 नवंबर [एजेंसी]।**

कार्तिक महीने में कृष्ण पक्ष के चतुर्थी तिथि को मनाया जाने वाला करवाचौथ का व्रत बुधवार को है। अखंड सौभाग्य व सफल दांपत्य जीवन की कामना से सुहागिन महिलाएं निर्जला व्रत रखेंगी। सोलह श्रृंगार कर मां गौरी-महादेव व गणेश की आराधना करेंगी। दिनभर उपवास में रहने के बाद संध्या काल में चलनी से चंद्रदेव का दर्शन करने के उपरांत पारण करेंगी। परंपरा के अनुसार चंद्रमा के दर्शन के बाद पति अपने हाथों से पत्नी को पानी पिलाते हैं। पंडित बिपिन उपाध्याय के अनुसार चतुर्थी तिथि का मान रात



10.59 बजे तक है।वहीं, रात 08.10 बजे चंद्रोदय होगा। करवाचौथ के दिन श्री गणेश चतुर्थी व्रत भी है। इससे पर्व का महत्व और बढ़ जाता है। वहीं, इस पर सर्व सिद्धि योग के साथ अमृत योग का विशेष संयोग बन रहा है।

पूरा दिन रहेगा। कपड़ा बाजार में रौनक, मेहंदी लगाने के लिए लगी रही। करवाचौथ से एक दिन पूर्व मंगलवार को कपड़ा बाजार व श्रृंगार दुकानों में महिलाओं की भीड़ रही। पूजन सामग्रियों की भी जमकर बिक्री हुई। यही नहीं ब्यूटी पार्लर व मेहंदी लगाने के लिए महिलाओं को इंतजार करना पड़ा। कई जगह मेहंदी लगाने के लिए एडवांस बुकिंग की गई थी।

## हिमाचल में फिर बदला मौसम का मिजाज, मैदानी क्षेत्रों में बढ़ी ठंड, ऊंची चोटियों पर बर्फबारी का अनुमान



**शिमला।** मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए ताजा पूर्वानुमान के अनुसार करवार चौथ के दिन धूप खिली रहेगी। शाम के समय भी मौसम साफ रहेगा। चांद के दीदार में कोई व्यवधान नहीं आएगा। हालांकि 2 व 3 नवंबर को प्रदेश में ऊंची चोटियों पर एक दो स्थानों पर बर्फबारी हो सकती है। जबकि अधिकतर स्थानों पर मौसम साफ रहेगा। प्रदेश मे धूप के खिलने के बावजूद अधिकतम तापमान में करीब एक डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। मंगलवार को दिन की शुरुआत खिली धूप के साथ हुई। हालांकि, दोपहर के समय हल्के बादल बाए।

प्रदेश में लगातार धूप के खिलने से मैदानी क्षेत्रों में रात्रि को ज्यादा सर्दी दर्ज की जा रही है। शिमला से ज्यादा सर्द रातें मंडी और सोलन में दर्ज की जा रही हैं। शिमला का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री जबकि मंडी में 8.3, चंबा 11.2 और सोलन में 7.9 डिग्री दर्ज किया गया है। जैसे-जैसे धूप दिन में तेज पड़ रही है रात्रि व सुबह का तापमान मैदानी क्षेत्रों में उतना कम हो रहा है। सुबह और शाम की ठंडक बढ़ गई है, जबकि दिन में चटक धूप पड़ रही है।

## DPAP का मकसद खुशहाल जम्मू कश्मीर बनाने का, चिनाब घाटी के दौरे पर बोले गुलाम नबी आजाद



**जम्मू, 01 नवंबर।**

डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के चेयरमैन गुलाम नबी आजाद ने कहा है कि उनकी पार्टी का मकसद खुशहाल जम्मू कश्मीर बनाने का है। उनकी पार्टी की राजनीति धर्म की राजनीति से अलग होकर जनहित के मुद्दों पर केंद्रित रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे फूट डालने वाली राजनीति से दूर रहें।हम शांतिपूर्ण और प्रगतिशील जम्मू कश्मीर के लिए लोगों को एकजुट होकर रखना चाहते हैं। फूट डालने वाली राजनीति में विश्वास नहीं करते। पार्टी बनाने का मकसद ही मूल्यों पर केंद्रित रहा है। डोडा जिला के भद्रवाह में आजाद ने कहा कि चिनाब घाटी को धर्म निरपेक्षता और आपकी भाईचारे के लिए जाना जाता है।कार्यकर्ता को लोगों तक अपनी पहुंच बनानी चाहिए और पार्टी के एजेंडा को लोगों तक पहुंचाना चाहिए। आजाद ने कहा कि हमारा मिशन अधिक से अधिक लोगों साथ जोड़ना है। बताते चलें कि आजाद मूल रूप से भद्रवाह के रहने वाले हैं। वह पिछले तीन दिन से चिनाब घाटी के दौरे पर हैं। पार्टी की मजबूती के लिए मुहिम चलाई जा रही है।

# अब कैग जांच के दायरे में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्टस जालंधर पहुंची टीम, खुल सकते हैं ये राज

**जालंधर, 01 नवंबर [एजेंसी]।**

स्मार्ट सिटी कंपनी के प्रोजेक्ट्स अब कैग (कंप्ट्रालर एंड आडिट जनरल) की जांच के दायरे में आ गए हैं। कैग की चार सदस्यीय टीम जांच के लिए जालंधर पहुंच गई है और स्मार्ट सिटी ऑफिस में रिकॉर्ड की पड़ताल कर रही है। यह टीम स्मार्ट सिटी कंपनी को अब तक आए फंड और इसके खर्च का हिसाब किताब देखेगी और फील्ड में जाकर प्रोजेक्ट्स की जांच भी करेगी।कैग की जांच स्मार्ट सिटी कंपनी के लिए मुसीबत बन सकती है क्योंकि स्मार्ट सिटी कंपनी के कई प्रोजेक्ट पहले ही विवादों में फंसे हैं। इनमें गड़बड़ियों के आरोप लगते आ रहे हैं और आगामी नगर निगम चुनाव में यह प्रोजेक्ट राजनीतिक दलों के लिए बड़ा मुद्दा रहेंगे। कैग का प्रमुख काम पैसे के लेन-देन की जांच करना होता है और यह देखा जाता है कि जो काम हुआ है उसके लिए भुगतान में कोई खामी तो नहीं है। जालंधर में स्मार्ट सिटी कंपनी के जितने भी प्रोजेक्ट पूरे हो चुके हैं और जो चल रहे हैं उनके काम को स्पाट विजिट करके भी जांच होगी। इस जांच में बड़ी गड़बड़िआं सामने आ सकती हैं क्योंकि कुछ काम पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए हैं लेकिन यह जमीन स्तर पर कहीं नजर नहीं आते।स्मार्ट सिटी कंपनी के कई प्रोजेक्टस की विजिलेंस भी जारी जांच भी जारी है। ऐसे में कैग टीम की दस्तक स्मार्ट सिटी कंपनी के प्रोजेक्ट्स के लिए एक बड़ी चुनौती बन सकती है। यह टीम सोमवार



को जालंधर पहुंची है और मंगलवार को इस टीम ने स्मार्ट सिटी कंपनी का रिकॉर्ड खंगालना शुरू कर दिया है।बताया जा रहा है कि इस जांच को परफॉर्मर नाम दिया गया है और स्मार्ट सिटी कंपनी को अब तक जितना भी फंड मिला है, उस फंड से हुए काम के सभी प्रोजेक्ट पर खर्च एक-एक पैसे का हिसाब देखा जाएगा।केंद्र सरकार के स्मार्ट सिटी कंपनी के प्रोजेक्ट्स विवादों में फंसे हैं, प्रोजेक्ट में सबसे बड़ा नाम एलईडी स्ट्रीट लाइट का है। एलईडी स्ट्रीट लाइट्स प्रोजेक्ट 58 करोड रुपए का है और इसकी क्वालिटी को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। ठेका लेने वाली कंपनी इसका रखरखाव भी नहीं कर रही है। उपकरणों को लेकर भी दावे गलत साबित हुए हैं। भुगतान में कई खामियां हैं। थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन कंपनी, निगम हाउस की जांच टीम में गड़बड़ी साबित हुई है और विजिलैंस जांच जारी है।

11 चौक के सुंदरीकरण पर 20 करोड रुपए खर्च किए जाने थे लेकिन कई आरोपों के बाद इस प्रोजेक्ट को बीच में रोक दिया गया। करीब 8.50 करोड रुपए इस पर खर्च किए गए हैं। यह रुपया कहां खर्च किया गया है इसका भी कुछ अता पता नहीं है। सभी चौक खराब हालत में है।स्मार्ट रोड का काम काफी खराब है। करीब 50 करोड़ रुपए के इस प्रोजेक्ट पर भी कई बार सवाल खड़े हुए हैं। अभी भी कई जगह इसका काम लंबित है। जो सड़कें बनी हैं वह किसी भी तरीके से स्मार्ट वर्क नहीं है।ग्रीन बेल्ट और पार्कों के विकास पर करीब 20 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। फ्लाईओवरों पर वर्टीकल गार्डन, पार्कों का विकास का दावा किया गया। कई इलाकों में पार्क विकसित करने का दावा है लेकिन जमीन तौर पर हालात काफी खराब है। इनके रखरखाव और मानिटरिंग का भी कोई इंतजाम नहीं किया गया।

# एक महिला प्रत्याशी सहित आठ लोगों का होगा भाग्य का फैसला

## बैकुण्ठपुर एवं भरतपुर-सोनहत के दो लाख से अधिक * मतदाता होंगे मजूबत लोकतंत्र के साक्षी

**कोरिया/बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना एवं मिजोरम में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लगे हुए हैं। छत्तीसगढ़ में दो चरणों में मतदान होगा। पहले चरण में बस्तर संभाग व दुर्ग संभाग के कुछ विधानसभा सहित 20 सीटों के लिए 7 नवम्बर तथा रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा तथा दुर्ग संभाग के कुछ विधानसभा के 70 सीटों के लिए 17 नवम्बर को मतदान होगा। बैकुण्ठपुर एवं भरतपुर-सोनहत विधानसभा में दूसरे चरण में मतदान होगा। उक्त विधानसभा क्षेत्र में 21 अक्टूबर 2023 को नामांकन भरना शुरू हुआ और 30 अक्टूबर को नामांकन भरने की अंतिम तिथि हुई। 31 अक्टूबर को स्क्रूटनी का कार्य किया जा रहा है।




**बैंकुण्ठपुर विधानसभा क्रमांक-3** में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती अंबिका सिंहदेव सहित कुल आठ उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र जमा किया है। आम आदमी पार्टी से डॉ. आकाश कुमार, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) से दुर्गेश साहू, भारतीय जनता पार्टी से भईया लाल राजवाड़े, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से मेजर प्रसाद यादव, समाजवादी पार्टी से सोमार साय लोहार, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से संजय सिंह कमरो तथा एक निर्दलीय प्रत्याशी बृजमोहन साहू अपना भाग्य आजमाएंगे। वैसे नाम वापसी गुरूवार 2 नवम्बर 2023 को निर्धारित है। बैकुण्ठपुर विधानसभा क्रमांक-03 में 228 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 84 हजार 47 है तथा महिला मतदाताओं की संख्या 84 हजार 29 एवं तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 5 है। इस तरह 1 लाख 68 हजार 81 मतदाता है। वहीं भरतपुर-सोनहत (आंशिक) के 78 मतदान केन्द्रों में पुरूष मतदाताओं की संख्या 18 हजार 159, महिला मतदाताओं की संख्या 18 हजार 215 तथा तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या मात्र एक है। इस तरह 306 मतदान केन्द्रों में 2 लाख 4 हजार 456 मतदाता इस लोकतंत्र के साक्षी बनेंगे। 18 से 19 वर्ष के नए मतदाताओं की संख्या 6 हजार 493 हैं, जो पहली बार मतदान करेंगे। इसी तरह दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 2 हजार 90 है और 80 वर्ष ये उससे अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 1 हजार 231 है। अगर जेण्डर रेसियों की बात करें तो 1000 है। अब हम बैकुण्ठपुर विधानसभा के मतदाताओं को प्रतिशत में जान लेते हैं। 18 से 19 वर्ष की मतदाता 3.86, 20 से 29 वर्ष 24.48, 30 से 39 वर्ष 29.23, 40 से 49 वर्ष 18.89, 50 से 59 वर्ष के 13.17, 60 से 69 वर्ष के 6.92, 70 से 79 आयु के 2.72, 80 से 89 आयु के 0.62, 90 से 99 आयु के 0.10 तथा 100 से 109 आयु के मतदाताओं की संख्या 0.01 प्रतिशत है।

**मतदान केन्द्र**-बैकुण्ठपुर नगरीय-निकाय में 13, बैकुण्ठपुर ग्रामीण में 84, चरचा नगरीय-निकाय में 15, पटना में 73, बचरा पोंड़ी में 43 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इसी तरह भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें 10 संगवारी मतदान का संचालन महिलाओं के द्वारा किया जाएगा, एक-एक दिव्यांग एवं युवा मतदान केन्द्र बनाया गया है साथ ही 5 मॉडल मतदान केन्द्र के अलावा 150 वेबकास्टिंग मतदान केन्द्र भी बनाया गया है।

**अधिकारी-कर्मचारी व वाहन व्यवस्था**- विधानसभा निर्वाचन सुगम, सुलभ हो इसके लिए जिला निर्वाचन आयोग ने वाहनों की व्यवस्था भी कर ली है। इसमें 30 नग बेलोरो, 23 बस, 54 मिनी बस, 20 पिक-अप, 7 ट्रेक्टर तथा 5 ट्रक के माध्यम से चुनाव कार्य को सम्पन्न करने के लिए 50 रूट्स, 120 वाहन और 24 सेक्टर ऑफिसर को लगाया गया है। निर्वाचन कार्य में लगभग एक हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगी हुई है। मतदान के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर 23, बीएलओ 228 तथा बीएलओ सुपरवाइजर 30 लगाए गए हैं।

**निर्वाचन संबंधी जानकारियां व शिकायत यहां करें**- जिला निर्वाचन कार्यालय में काल सेंटर स्थापित किया गया है, जो 24 घंटे कार्य कर रही है। 1950 अथवा 07836-232555 डायल कर निर्वाचन संबंधी जानकारियां व शिकायत कर सकते हैं। अब तक 27 शिकायतें प्राप्त हुई थी जिसमें 23 शिकायतों को दूर किया गया है और 4 विचाराधीन है।

**सबसे कम मतदाता**- संभवत: प्रदेश में किसी मतदान केन्द्र में सबसे कम मतदाताओं की संख्या इस जिले में हो। मतदान केन्द्र सेहराडांड में 3 पुरूष मतदाता तथा 2 महिला मतदाता हैं, कांटो में 7 पुरूष तथा 5 महिला मतदाता हैं, वहीं रवला मतदान केन्द्र के अंतर्गत 14 पुरूष मतदाता तथा 9 महिला मतदाता ही मतदान करेंगे।

**संपत्ति विरूपण**-आचार संहिता लगते ही जिले में नगरीय निकायवार एवं ग्राम पंचायत वार संपत्ति विरूपण दल का गठन किया गया है, जिसके तहत संपत्ति विरूपण की कार्यवाही की गई।

इसके तहत शासकीय, अशासकीय, सार्वजनिक उपक्रम, निगम, मंडल, बस स्टेण्ड, रेलवे स्टेशन, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, निजी कार्यालय, भवन, डिवाइडर, छत, दीवार आदि स्थानों से राजनीतिक व अन्य प्रचार-प्रसार से संबंधित फ्लेक्स, पोस्टर, स्टीकर, बैनर, पेंटिंग आदि को हटाने के लिए पूरा अमला लगा हुआ है। जिसके तहत शासकीय एवं निजी भवनों से 3,826 वाल राइटिंग, 1,381 पोस्टर्स, 437 बैनर्स 131 अन्य प्रचार सामग्री कुल 5,765 संपत्ति विरूपण के तहत कार्यवाही करते हुए हटाया गया है।

**कानून व्यवस्था**- जिले में 178 लायसेंसशुदा शस्त्र थे हैं, जिसमें से 145 जमा हुआ है। 73 अपराधियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई है।



## सामान्य पर्यवेक्षक नारायण चंद्र सरकार ने लिया मतदान केन्द्रों का जायजा

**कोरिया बैकुंठपुर।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 03 सामान्य पर्यवेक्षक नारायण चंद्र सरकार (आई.ए.एस.) ने मतदान केंद्र खरवत, पटना, रनई बासनपारा व कुड़ेली जाकर चुनावी तैयारियों का जायजा लिया। श्री सरकार ने स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम खरवत के मतदान केन्द्र क्रमांक 15,16, पटना में मतदान केन्द्र क्रमांक 55 ग्राम पंचायत भवन, शायकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रनई के मतदान केन्द्र क्रमांक 77,78, प्राथमिक शाला बरपारा के मतदान केन्द्र क्रमांक 90 व प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला कुडेली मतदान केन्द्र क्रमांक 91, 92 का निरीक्षण किया संबंधित अधिकारियों को तत्काल मतदान केन्द्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा दिव्यांग, 80 वर्ष व उससे अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों में व्हील चेयर, पानी, बिजली आदि सुविधाएं व्यवस्था करने के निर्देश दिए साथ ही संबंधित बीएलओ को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने व कराने के लिए प्रेरित भी किया।

## सरेआम शराब पीते आधा दर्जन गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है। गोलबाजार पुलिस ने डीकेएस पार्किंग के पास सरेआम शराब पीते आरोपी वरूण हचरा 52 वर्ष, नीलन मन्ना 31 वर्ष, प्रसन्न दीप 34 वर्ष व गणेश बरोई 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# संचालक की मौजूदगी में विदाई पार्टी का भव्य आयोजन



**कोरिया बैकुंठपुर।** एक तरफ जहां कोरिया जिला सहित पूरे छत्तीसगढ़ में आदर्श आचार संहिता लगा हुआ है वही चुनावी सर गर्मी अपने पूरे सवाब पर है तो वही कोरिया जिले में संचालक गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के मौजूदगी में विदाई समारोह के भव्य पार्टी का आयोजन कर आदर्श आचार संहिता का खुले आम उल्लंघन किया जा रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुरु घासी दास राष्ट्रीय उद्यान कोरिया में पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी के विदाई पार्टी का आयोजन कोरिया जिले के सोनहत क्षेत्र आयोजित कर नियम कानून की खुले आम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इस विदाई पार्टी में गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान में कार्यरत समस्त आला अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे तो वहीं जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के कार्यालय में बिरानी छाई रही। कार्यालय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह बताया गया कि विदाई समारोह का आयोजन किया गया है इस कारण ऑफिस में कोई भी मौजूद नहीं है इस प्रकार की गतिविधियों से सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इतने बड़े पार्क पर क्षेत्र के समस्त अधिकारी कर्मचारी निश्चित तौर पर इस भव्य पार्टी में मौजूद रहे। जब जिस विभाग का संचालक ही गैर जिम्मेदार हो तो अन्य अधिकारी कर्मचारियों के बारे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। हैरानी की बात तो यह है कि जिस स्थान पर यह पार्टी का आयोजन किया गया था वह क्षेत्र मोबाइल नेटवर्क से बाहर है जहां पर किसी भी तरह का संपर्क सूत्र नहीं है ना ही किसी अधिकारी कर्मचारी से संपर्क किया जा सकता है। इस संबंध में पार्क के संचालक से संपर्क नहीं हो पाया। तो वही जिले निर्वाचन अधिकारी से इस संबंध में जानकारी हेतु संपर्क करना चाहा तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया जिससे उनका पक्ष नहीं रखा जा सका। मामला चाहे जो भी हो लेकिन जिले में एक सरकारी विभाग के द्वारा इस तरह के आयोजन कर आचार संहिता का खुला उल्लंघन किया जाना गंभीरता की श्रेणी में आता है।


# भारत में लोकतंत्र की आत्मा है निष्पक्ष मतदान:सीईओ

**कोरिया बैकुंठपुर।** आगामी विधानसभा निर्वाचन में निष्पक्ष मतदान प्रक्रिया के बारीक निरीक्षण के लिए आपको चयनित किया गया है और आपकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र में आपको प्रत्येक महत्वपूर्ण विषयों पर जांच कर अपनी रिपोर्ट मतदान के बाद ऑब्जर्वर के समक्ष प्रस्तुत करनी होगी। उक्ताशय के विचार जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने जिला पंचायत के ऑडिटोरियम में माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।



कोरिया जिले में विधानसभा निर्वाचन हेतु मानव संसाधन प्रशिक्षण के प्रभारी अधिकारी जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र में निष्पक्ष मतदान उसकी आत्मा है। इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में निर्वाचन की बड़ी प्रक्रिया है और इसे निष्पक्ष तरीके से सम्पादित कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा सामान्य ऑब्जर्वर नियुक्त किए जाते हैं और उनके सहयोगी के तौर पर आप सभी को प्रेक्षक की महती भूमिका निभाने के लिए जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इसलिए आप अपने कार्य करने के तरीके और प्रकृति को पूरी तरह से समझ लें। जिला पंचायत के ऑडिटोरियम में उपस्थित माइक्रो आब्जर्वर के प्रशिक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जिले में 153 मतदान केंद्रों पर आपको प्रेक्षक का कार्य करना है।

यहां पर आपको सिर्फ निगरानी रखने का महत्वपूर्ण कार्य करना है और मतदान केंद्र पर पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष तरीके से पूरा कराते हुए ऑब्जर्वर महोदय को इसकी रिपोर्ट देनी है। उन्होंने माइक्रो आब्जर्वर के सभी निर्धारित कार्यों के लिए प्रश्न पूछे और संदेह होने की स्थिति का निराकरण भी किया। जिला पंचायत सीईओ ने आगामी विधानसभा निर्वाचन के दौरान मॉक पोल से लेकर मतदान समाप्त होने तक होने वाली प्रत्येक प्रक्रिया पर बात की और प्रशिक्षण ले रहे अधिकारियों से प्रश्न पूछकर प्रशिक्षण के प्रत्येक विषय पर प्रदाय जानकारी की गुणवत्ता भी जांची। इस दौरान मास्टर ट्रेनर सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने विधानसभा क्षेत्र प्रेमनगर, भटगांव व प्रतापपुर में निकाला फ्लैग मार्च

**सूरजपुर।** विधानसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है और चुनाव को लेकर पुलिस पूरी तरह से एलर्ट है। शांतीपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला के निर्देश पर जिले की पुलिस के द्वारा विधानसभा क्षेत्र प्रेमनगर, भटगांव व प्रतापपुर में मंगलवार को फ्लैग मार्च निकाला और असमाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देने का प्रयास किया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र में सीएसपी एस.एस.पैंकरा के नेतृत्व में फ्लेग मार्च संयुक्त जिला कार्यालय से शुरू होकर नगर के सभी प्रमुख मार्गो के अलावा विश्रामपुर, जयनगर में निकाला गया।

प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम के नेतृत्व में तथा भटगांव विधानसभा क्षेत्र में एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस मार्च में पुलिस राजपत्रित अधिकारियों के साथ-साथ थाना-चौकी सहित पुलिस लाईन के पुलिस अधिकारी व जवानों ने भाग लिया। पूरे जिले में सुरक्षा प्रबंध कड़े कर दिए है और जनता में विश्वास कायम करने और चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के उद्देश्य से फ्लेग मार्च निकाला गया है। तीनों विधानसभा क्षेत्र में निकाले गए फ्लेग मार्च में डीएसपी नंदिनी ठाकुर, महालक्ष्मी कुलदीप, प्रशिक्षु डीएसपी स्निग्धा सलामे, रक्षित निरीक्षक रामप्रसाद पैंकरा, थाना प्रभारी सूरजपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, थाना प्रभारी विश्रामपुर अलरिक लकड़ा, थाना प्रभारी जयनगर सरफराज फिरदौसी, थाना प्रभारी प्रतापपुर किशोर केरकेट्टा, थाना प्रभारी चंदौरा निलिमा तिर्की, थाना प्रभारी झिलमिली राजेन्द्र साहू, थाना प्रभारी भटगांव अलरिक लकड़ा, यातायात प्रभारी सुनील सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद थी।

## इनोवा व पिकअप को ठोकर मार खंभे से टकराया ट्रक

**बिश्रामपुर।** सोमवार की रात नगर के अंबेडकर चौक के समीप तेज रफ्तार कोयला लोड ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक इनोवा व पिकअप वाहन को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। उसके बाद ट्रक स्ट्रीट लाइट के खंभे से जा टकराया। दुर्घटना में पिकअप वाहन चालक व क्लीनर को चोटें आई है। सोमवार की रात करीब दस बजे कोयला खदान से कोयला लोड लेकर अंबिकापुर की ओर तेज रफ्तार में जा रहे ट्रक क्रमांक सीजी 15 एई 5124 के चालक ने ट्रक को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए अंबेडकर चौक में सड़क किनारे खड़ी इनोवा कार क्रमांक जेएच सीवी 6237 को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इससे इनोवा कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के वक्त इनोवा वाहन में कोई सवार नहीं था। वहीं हादसे के बाद चलते ट्रक से चालक कूद कर फरार हो गया और ट्रक बिना चालक के ही सड़क पर चलने लगी। तभी सामने अंबिकापुर की ओर से आ रही पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 16 सीएफ 3145 में भी सामने से ट्रक टकरा गया। इससे पिकअप वाहन के भी सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के साथ ही पिकअप चालक महेंद्र साहू एवं खलासी राजू सिंह को चोटें आई। उसके बाद ट्रक हाइवे किनारे स्थित स्ट्रीट लाइट के बिजली खंभे से जा टकराया। मामले में पुलिस ने उक्त दोनों घटनाओं के मामले में फरार ट्रक चालक के विरुद्ध सड़क दुर्घटना का अलग-अलग अपराध दर्ज कर लिया है।

## मतदान के लिए जागरूकता का वातावरण बनाने हो रही कोशिश




**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला कलेक्टरेट परिसर में दीवाली के पहले मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दीया जलाकर आगामी 17 नवम्बर को विधानसभा निर्वाचन में मतदान का हिस्से बनने के लिए जनजागरण अभियान चलाया गया। बता दे, विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत बैकुंठपुर विधानसभा का दिव्तीय चरण में मतदान होगा। स्वीप के तहत संगवारी चला वोट डाले बर थीम के अंतर्गत जिले के अधिकारी- कर्मचारी बड़ी संख्या में दीया जलाए और कोरियावासियो को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मतदाताओं को मतदान के महत्व और स्वस्थ व मजबूत लोकतंत्र के लिए एक-एक मत का महत्व के बारे में लगातार जानकारी दिए जा रहे हैं। शाम के समय कलेक्टरेट परिसर में आयोजित मतदाता जागरूकता दीप पर्व में बड़ी संख्या में महिला अधिकारी-कर्मचारी दीया जलाकर, दीवाली के पहले दीप पर्व का एहसास कराया। साथ ही सभी अधिकारी, कर्मचारी ने मतदान करबो-कराबो का शपथ भी लिया। पूरे प्रदेश में अपनी हरियाली और प्राकृतिक सुंदरता के लिए कोरिया जिले को जाना जाता। कलेक्टर विनय लंगेह ने दीप मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल होकर कहा कि इस दीप के उजाले से 17 नवम्बर को कोरियावसी साक्षी बनेंगे। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करें और अपने पड़ोस व सगे सम्बन्धियों को भी मतदान करने प्रेरित करें। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## 5 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर।** नेवरा पुलिस ने गुरूघासीदास चौक के पास जुआ खेलते 5 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 9020 रुपए जब्त किया है। नेवरा पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर वार्ड 17 गुरूघासीदास चौक के पास दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी पियूष वैष्णव 23 वर्ष, उपकार देवार 42 वर्ष सहित अन्य 3 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## ट्रक ने स्कूटी मारी टक्कर

**रायपुर।** सिलतरा बायपास रोड में एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार दंपति को टक्कर मार दिया। जिससे पति की मौत हो गई, वहीं पत्नी घायल है। मामले में धरसींवा पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मठपारा उरकुरा निवासी लीला यादव 50 वर्ष अपने पति ईश्वरी प्रसाद यादव के साथ स्कूटी क्र. सीजी 04 एचके 3686 से कहीं जा रही थी।

# गांजा तस्करी से जुड़े दो आरोपियों को पुलिस ने दिखाया जेल का रास्ता

**अंबिकापुर।** सरगुजा की गांधीनगर पुलिस ने गांजा के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।इनमें आरोपित मो राजुन मंसूरी उर्फ़ राजू (48) मूलत: लहसुई कब्रिस्तान मोहल्ला कोतमा मध्यप्रदेश का रहने वाला है। यह अंबिकापुर के बरेजपारा तालाब के पास रसूलपुर में निवास करता है। दूसरा आरोपित सोनू पटेल (25) ग्राम इंजानी थाना चलगली का निवासी है। इनके पास से कुल 23 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपित मो राजुन मंसूरी उर्फ़ राजू द्वारा ओडिशा से गांजा मंगाया जाता था। दूसरा आरोपित सोनू पटेल गांजे को फूटकर व्यापारियों के पास खपाने का काम करता था लेकिन इस बार दोनों पुलिस के हत्थे चढ़ गए। इन दोनों की गिरफ्तारी से सरगुजा में गांजा बिक्री के अवैध धंधे पर रोक लगने की संभावना है।

पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा के निर्देश पर विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थों की अवैध खरीद-बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने के लिए जांच अभियान चलाया जा रहा है। सूचना तंत्र को और मजबूत किया गया है। इसका फायदा पुलिस को लगातार मिल रहा है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो संदिग्ध युवक लटोरी रोड की ओर से मोटरसाइकिल में गांजा रखकर बिक्री हेतु अंबिकापुर की ओर आ रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल संदिग्धोंकी पहचान कर चठीरमा बैरियर के पास घेराबंदी किया गया। इस दौरान मो राजुन मंसूरी उर्फ़ राजू तथा सोनू पटेल को पकड़ लिया।इनके पास बैग की तलाशी ली गई। इनके पास से लगभग 23 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।पुलिस ने गांजा तथा घटना मे प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया है। एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीकृत कर दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक प्रदीप जॉन लकड़ा, उप निरीक्षक अलंगो दास, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, आरक्षक अमृत सिंह, अतुल सिंह, शाहबाज खान, जितेश साहू, मनीष सिंह, अरविन्द उपाध्याय,राजकुमार यादव, ऋषभ सिंह, सैनिक अनिल साहू शामिल रहे। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपित मो राजुन मंसूरी उर्फ़ राजू के ओडिशा के गांजा तस्करों से संबंध है।उसी के द्वारा ओडिशा से गांजा मंगाया जाता था। अंबिकापुर में अपने किराए के मकान में गांजा रखने के बजाय उसके द्वारा ठेके पर छोटे विक्रेताओं तक सप्लाई का काम कराया जाता था। इसी उद्देश्य से उसने सोनू पटेल नामक युवक को अपने धंधे में साथ मिला लिया था। सोनू पटेल द्वारा गांजा अपने घर में रखा जाता था। जहां से भी आर्डर मिलता था, वहां मोटरसाइकिल से सोनू ही गांजा पहुंचाया करता था। इसके एवज में उसकी भी मोटी कमाई हो रही थी। इसकी पुख्ता सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दोनों को रंगे हाथों पकड़ने की योजना बनाई थी आखिरकार पुलिस की योजना सफल हुई और दोनों को 23 किलो गांजा के साथ एक साथ पकड़ लिया गया।



## 184 नग गांजा के पौधे जब्त किये बाड़ी से, आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** जिले के कुसमी थाना क्षेत्र के दूरस्थ ग्राम आसनपानी में गांजा की खेती करने वाले दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अरोपीत खोइरो नागवंशी (51) तथा मंगना नागवंशी (47) को थाना कुसमी व थाना शंकरगढ़ की संयुक्त पुलिस टीम द्वार अलग-अलग कार्रवाई की गई है। आरोपितों के पास से 184 नग गांजा का पौधा बरामद किया गया है। थाना प्रभारी कुसमी निरीक्षक जितेन्द्र जायसवाल को सूचना मिली कि ग्राम आसनपानी चैनपुर में दो लोगों के द्वारा गांजा की खेती की जा रही है। सूचना पर थाना प्रभारी कुसमी द्वारा निरीक्षक जितेन्द्र जायसवाल के नेतृत्व में थाना कुसमी एवं थाना शंकरगढ़ की संयुक्त पुलिस टीम तैयार कर ग्राम आसनपानी चैनपुर में दबिश दी गई। संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम आसनपानी चैनपुर के पास पहुंचकर कार्रवाई की गई। ग्राम आसनपानी के खोइरो नागवंशी के बाड़ी से 79 नग एवं मंगना नागवंशी के बाड़ी से 105 नग गांजा का पौधा बरामद किया गया।दोनों के द्वारा अलग-अलग बाड़ी में पौधा लगाया गया था। दोनों आरोपितों के द्वारा अपने-अपने बाड़ी में गांजा की खेती करना पाए जाने पर दोनों आरोपितों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर बयान लिया गया। गांजा के पौधे तैयार हो गए थे। कार्रवाई में थाना प्रभारी कुसमी निरीक्ष जीतेन्द्र जयसवाल के साथ विरासत कुजूर, बालेश्वर महानंदी, प्रधान आरक्षक प्रांजुल कश्यप, फूलसाय पावले, शैलेन्द्र सिंह, मूलधर पैकरा, कामेश्वर, अमर मृघा, सरिता एक्का, प्रमोद कुमार व राजेंद्र भगत सक्रिय रहे।

## उपमुख्यमंत्री को एप्पल की ओर से मिला सुरक्षा संबंधित ई-मेल

**अंबिकापुर।** उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को उनकी ई-मेल आइडी पर आइफोन की ओर से एक मेल प्राप्त हुआ है। इसमें आइफोन की ओर से अलर्ट जारी करते हुए बताया गया कि स्टेट स्पॉन्सर्ड अटैकर्स के द्वारा उनके आइफोन को टारगेट किए जाने की संभावना है जिससे उनके फोन के डाटा के साथ समझौता हो सकता है। उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने इस ई-मेल की तुलना पेगासस जैसे घटना से करते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ में चुनाव के लिए कुछ ही दिन शेष बचे हैं।

# अवैध ईंट परिवहन पर माइनिंग विभाग की सख्ती, पकड़ा ट्रैक्टर

## सुरक्षा के लिए सौंपा पुलिस को

-स्थानीय प्रतिनिधि-

**कोरबा।** यह सोचकर विधानसभा चुनाव में पूरा प्रशासन और पुलिस का अमला डटा हुआ है, ऐसे में हर तरह के अलग काम आसानी से किये जा सकते हैं, महंगा पड़ सकता है। माइनिंग विभाग ने इसी श्रृंखला में सख्ती बरतते हुए ईंट से भरे ट्रैक्टर को पकड़ लिया। उसे मानिकपुर पुलिस के सुपूर्द किया गया। अगली कार्रवाई माइनिंग विभाग को करना है।

खबर के मुताबिक संबंधित ट्रक कोरबा के बबलू खान का बताया गया है। रापाखर्रा इलाके में ईंट तैयार करने के साथ इसे यहां वहां खपाए जाने का काम किया जाता रहा है। काफी समय से इस तरह की गतिविधियां न केवल रापाखर्रा बल्कि नकटीखार, कुरूडीह, डूमरडीह और चाकामार और आसपास के इलाके में की जा रही है। ऐसे कार्यों को अंजाम देने के लिए आसपास की मिट्टी से लेकर पानी और चोरी का कोयला खपाया जा रहा है। इसके माध्यम से अवैध ईंट भट्टे संचालित करने वाले चोर उचक्के प्राकृतिक संपदा को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ अपने आर्थिक तंत्र को मजबूत कर रहे हैं। बताया गया कि भट्टे से तैयार हो रही ईंट को लगातार आसपास में खपाने की कोशिश के अंतर्गत माइनिंग टीम को जानकारी मिली।



विभाग ने इस पर संज्ञान लिया और टीम को रवाना किया। उसके द्वारा ईंट से लोड ट्रैक्टर को पकड़ा। चालक से पूछताछ करने पर उसके द्वारा इस बारे में संतोषजनक जानकारी नहीं दी जा सकी और ईंट निर्माण और रायलटी से संबंधित पत्र प्रस्तुत नहीं किया जा सका। माइनिंग विभाग ने इसे अवैध काम से जुड़ा मामला पाया और प्रकरण में औपचारिक कार्रवाई करने के साथ ट्रैक्टर जप्त कर लिया। उसे मानिकपुर पुलिस के सुपूर्द किया गया है। इस मामले में पेनाल्टी और अन्य औपचारिकता के बाद यह वाहन संबंधित व्यक्ति को मिल सकेगा।

## वाहन राजसात नहीं होने से मनोबल बढ़ा

बताया जा रहा है कि क्षेत्र में रेत से लेकर मुरूम के अवैध दोहन व परिवहन के साथ-साथ अन्य गौण व मुख्य खनिज से जुड़े अन्य मामले लगातार बढ़ रहे हैं। सूचना और शिकायत पर सरकारी अमले के द्वारा कार्रवाई भी की जा रही है लेकिन उतनी प्रभावी नहीं। वन विभाग के मामलों में इस तरह के कार्यों में संलग्न वाहनों को राजसात करने के प्रावधान है। जबकि माइनिंग से संबंधित मामलों में सामान्य पेनाल्टी के साथ ऐसे वाहनों को बड़ी आसानी से छोड़ दिया जाता है। ऐसे में संबंधित पार्टियों को अवैध सामान के साथ अपना वाहन भी मिल जाता है। इसके चलते उनका मनोबल कम नहीं हो रहा है। कहा जा रहा है कि जब तक ऐसे वाहन राजसात नहीं होंगे, अवैध कार्यों का विस्तार होता रहेगा।

## 36 किसानों की फसल हाथियों ने रौंदी

**कोरबा।** वनमंडल कटघोरा के पसान रेंज में हाथियों का आतंक जारी है। यहां के सेमरहा सर्किल में अचानक धमके 48 हाथियों के दल ने बीती रात भारी उत्पात मचाते हुए सर्किल के गाड़ागोड़ा, हरदेवा एवं सेमरहा गांव में लगभग 3 दर्जन ग्रामीणों की फसल को रौंद दिया। जानकारी के अनुसार ग्रामीण खेत में पककर तैयार धान की फसल को काटने की तैयारी में है लेकिन बीती रात हाथियों ने उनकी मेहनतों पर पानी फेर दिया। सर्किल के तीन गांव में बड़ी मात्रा में फसल चौपट किये जाने की सूचना पर वन विभाग को अमला आज सुबह मौके पर पहुंचकर नुकसानी के आंकलन में जुट गए हैं। एक अनुमान के मुताबिक हाथियों के इस उत्पात में ग्रामीणों को लगभग एक लाख रूपए की आर्थिक चपत लगी है। उधर एक लोनर हाथी कोयलार गडरा पहुंच गया है। लोनर फिलहाल जंगल में ही विचरण कर रहा है और शांत है। 11 हाथियों के लैंगा क्षेत्र में सक्रिय होने की जानकारी वन विभाग को दी गई है।

# सिंगल आदेश, हटाया ट्रैफिक डीएसपी को

**कोरबा।** निर्वाचन के दौरान उन अधिकारियों पर शामत आई हुई है जो लंबे समय से कोरबा जिले में पदस्थ थे और स्थानांतरण नीति के प्रावधान उन पर लागू नहीं हो पा रहे थे। चुनाव के दौर में अलग-अलग कारणों से उनकी छुट्टी कोरबा जिले से हो रही है। इसी सिलसिला में निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पुलिस विभाग ने कोरबा में पिछले कुछ वर्ष से काबिज ट्रैफिक डीएसपी शिव चरण सिंह परिहार को हटा दिया है।

सबसे खास बात यह है कि पुलिस विभाग के मुख्यालय से जारी सिंगल आदेश के अंतर्गत ट्रैफिक डीएसपी परिहार को पुलिस मुख्यालय रायपुर में संलग्न किया गया है। गृह विभाग के आवास सचिव ने इस बारे में आदेश जारी किया जिसमें कहा गया कि तत्काल अधिकारी को कार्य मुक्त करने के साथ नवीन पदस्थापना के लिए भेज दिया जाए। खबरों के मुताबिक इस तरह के मामले तब होते हैं जब गंभीर शिकायत होती है और उच्च अधिकारियों को इस बारे में अवगत कराया जाता है। जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग सहित अनेक विभागों में ऐसे कई आधिकारिक कुंडली मारकर बैठे हुए हैं जिन्हें लेकर कई लोगों को आपत्ति है और उन्होंने इस बारे में पत्राचार किया है। इससे पहले



निर्वाचन आयोग के द्वारा संज्ञान लेने के साथ कोरबा के पुलिस अधीक्षक उदय किरण को हटाने के साथ पुलिस मुख्यालय भेज दिया गया। उनके कामकाज की शैली को लेकर कांग्रेस के नेताओं ने आपत्ति दर्ज की थी। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में कई और अधिकारियों को कोरबा जिले से बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है।

## अगला नंबर किसका

चुनाव आयोग के कार्रवाई के लपेटे में एसपी के बाद यातायात डीएसपी को मुख्यालय अटैच किये जाने के बाद पुलिस महकमे से लेकर सियासी गलियारे में अब यह चर्चा सुनने को मिल रही है कि अगला नंबर किसका होगा। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार एक अन्य राजपत्रित पुलिस अधिकारी एवं एक टीआई का भी नाम जन चर्चाओं के तालाब में तैरने लगा है। अब देखना यह है कि जिन लोगों के नाम चर्चाओं में सुने जा रहे हैं वह अपना डिफेंस करने में कितने हद तक कारगर हो पाएंगे।

# दुपहिया वाहनों की कटघोरा-पाली मार्ग में सघन चेकिंग



**कोरबा।** 9 लाख की जब्ती के बाद पुलिस ने कटघोरा-पाली मार्ग पर पुलिस ने दोपहिया गाड़ियों की चेकिंग तेज कर दी है।

जानकारी के अनुसार एसडीओपी कटघोरा पंकज ठाकुर के मार्गदर्शन एवं पाली टीआई अभिनवकांत सिंह के निर्देशन में चैतमा चौकी प्रभारी सुरेश जोगी ने अपने हमराह स्टाफ के साथ कटघोरा-पाली मार्ग में चैतमा क्षेत्र में कैंप लगाकर आने-जाने वाले दोपहिया वाहनों के दस्तावेजों के अलावा उनके डिक्कियों में क्या-क्या रखा है तथा डिक्की के अलावा केरियर भाग में क्या-क्या सामान लेकर वे एक स्थान से दूसरे स्थान आवागमन कर रहे हैं। गहन चेकिंग शुरू कर दी गई है। ज्ञात रहे कि इसी क्षेत्र में शराबभट्ठी में काम करने वाला एक निजी सुरक्षा गार्ड स्कूटी में ही 100 से ज्यादा देशी-विदेशी शराब के पौवे को तस्करी के माध्यम से एक स्थान से दूसरे स्थान आपूर्ति करते दो दिन पूर्व ही पकड़ा गया है।

## गायत्री नगर की महिला लापता

**कोरबा।** एसबीएस कालोनी गायत्री नगर निवासी रामकुमारी दशहरा के दूसरे दिन से लापता है। उसकी तलाश के बाद जानकारी नहीं मिलने पर पिता परदेशी के द्वारा मानिकपुर चौकी में शिकायत दर्ज कराई गई है।

# शहर के बिगड़े नवाब पर 110 की कार्रवाई

**कोरबा।** शहर के मोतीसागरपारा निवासी एक बिगड़े नवाब के अब तक के आपराधिक रिकार्डों को खंगालने के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध धारा 110 के तहत गुंडा एक्ट की कार्रवाई कर उसे रिमांड पर न्यायालय भेज दिया। इसके साथ ही उसके विरूद्ध तैयार प्रकरण को भी विचारण के लिए न्यायालय पेश किया जा रहा है।

शहर के मोतीसागरपारा निवासी पीकू बाबा (वैष्णव) उम्र 23 पिता पंचराम बाबा विगत डेढ़ वर्ष से शहर के विभिन्न वार्डों के अलावा खुद अपने मोहल्ले में लगातार आपराधिक वारदातों को अंजाम देते चला आ रहा था। उसके द्वारा मारपीट, धमकी व अन्य तरह के कुल आधा दर्जन से ज्यादा मामलों को अंजाम दिया जा चुका है। जिसके कारण शहर के कोतवाली के एएसआई अजय सिंह द्वारा ही उसके विरूद्ध कई एक प्रकरण तैयार कर उसे विचारण के लिए कोरबा कोर्ट में दाखिल किया गया है।

## अखंड मंत्र जाप शुरू

**कोरबा।** पखनापारा भिलाईबाजार में सिद्धाश्रम साधक परिवार के द्वारा अखंड मंत्र जाप 30 अक्टूबर से शुरू कर दिया गया है। साधकों के द्वारा काल भैरव मंत्र का जाप किया जा रहा है। यह मंत्र जाप 10 दिनों तक चलेगा। इस कार्य में 50 से अधिक साधक मंत्र जाप करते हैं। कोरबा जिले से घनश्याम बरेठ, सुरेश सोनी, श्याम नेवार, आर.एस.जगत, धनीराम साहू, आर.एल.साहू, संतोष यादव सहित अनेकों साधक प्रतिदिन पखनापारा में मंत्र जाप कर रहे हैं।

*__कोरबा।__ पूर्व गृहमंत्री और रामपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ननकीराम कंवर ने आज अनेक ग्रामों में जनसंपर्क किया। उन्होंने बीते 15 वर्ष के कार्यों को जनता के सामने रखा।

# महंगा पड़ा बाइक पर नगदी ले जाना, 9 लाख जब्त

**कोरबा।** चुनावी सीजन में अलग-अलग कारणों और आधार से प्रशासन व पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। अनुचित धन प्रवाह से संबंधित एक मामले में दीपका क्षेत्र में पुलिस ने 9 लाख नगद राशि जब्त कर ली। बाइक की डिक्की से इसे ले जाया जा रहा था।

दीपका थाना प्रभारी अश्वनी राठौर के नेतृत्व में दीपका स्टॉफ ,वाहन चेकिंग हेतु पप्रगतिनगर दीपका रोड के लिये रवाना हुए थे कि प्रगतिनगर के पास मोबाईल चेक पोस्ट लगाकर सभी आने जाने वाहनों का चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान एक व्यक्ति मोटर सायकल सीजी-12बीजी-8290 से आया। जिसे रोककर पूछताछ किया गया। जिन्होंने अपना नाम राकेश कुमार सिंह पिता अजब नारायण सिंह उम्र 43 वर्ष, साकिन- तालिबपुर थाना -बैरिया ज़िला -बलिया, ऊ. प्र. हाल मुक़ाम- दीपका का रहने वाला बताया। उसके मोटर सायकल के डिक्की को चेक करने पर 9 लाख नगदी रक़म मिला। रकम की उपलब्धता और उपयोगिता के संबंध में राकेश सिंह



के द्वारा किसी प्रकार के वैध दस्तावेज पेश नहीं किये गए। ऐसे में पुलिस ने यह मान लिया कि उक्त रक़म संदिग्ध है। उक्तानुसार गवाहों के समक्ष जप्त कर धारा 102 जा.फौ. के अंतर्गत विधिवत कार्यवाही किया गया है। आगामी चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने लगातार चेकिंग की जा रही हैं।

# सुरक्षा के सभी खतरों से निपटने की बड़ी चुनौती

**कोरबा।** सोमवार को राष्ट्रीय एकता दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वधान में शासकीय इंजीनियर विश्वेसरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा में राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ तथा 'रन फ़ॉर यूनिटी' कार्यक्रम आयोजित की गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.साधना खरे ने संस्था के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, ऑफिस स्टॉफ, छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी।

उन्होंने इस अवसर पर कहा कि यह दिन हमारे देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए वास्तविक और संभावित खतरों का सामना करने के लिए हमारे राष्ट्र की अंतर्निहित ताकत और लचीलेपन की फिर से पुष्टि करने का अवसर प्रदान करता है। भारत एक विविधतापूर्ण देश है, इसलिए एकता बनाए रखना बहुत जरूरी है। रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा क्वीज, स्पीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । क्वीज में ग्रुप लीडर सुषमा ने प्रथम स्थान, निशा ने द्वितीय स्थान तथा किरण ने तृतीय



स्थान प्राप्त किया। विचार गोष्ठी में निखिल, लालूराम, रविन्द्र, प्रतीक, अदिति, सुषमा, ऋचा ने देश को एकता के सूत्र में पिरोने पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इसी कड़ी में जिला प्रशासन के अनुमति पर जिला एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वधान में देशवासियों में एकता की भावना बनाये रखने के लिए 'रन फ़ॉर यूनिटी' कार्यक्रम में महाविद्यालय से 23 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। स्वयंसेवकों ने रैली में सहभागिता करते हुए स्वीप कार्यक्रम के तहत शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को जागरुक किया। कार्यक्रम के अंत में संस्था में प्राचार्य डॉ. साधना खरे द्वारा मजबूत लोकतंत्र में सुनिश्चित भागीदारी, बिना प्रलोभन के भयमुक्त, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के लिए शपथ भी दिलाई गई।

# मानिकपुर कालोनी के सड़कों का होगा कायाकल्प

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर कालोनी के सड़कों का निर्माण कार्य कल से शुरू कर दिया गया है। सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर कोयला कामगारों ने काफी हर्ष व्यक्त किया है और वे चाहते हैं कि कालोनी के सड़क निर्माण के अलावा मुख्य मार्ग का भी निर्माण होना चाहिए। सड़क निर्माण के लिए पांचों श्रमिक संगठन लगातार दबाव बना रहे थे। कई बार जेसीसी बैठक में भी इस मुद्दे को उठाया गया है। लगातार प्रबंधन के द्वारा आश्वासन मिलता रहा है। जेसीसी सदस्य मोहन सिंह प्रधान, संजय सिंह, भागवत सिंह, प्रमोद बनर्जी, राजू श्रीवास्तव, उज्जवल बनर्जी का मानना है कि कालोनी की सड़क के लिए लगातार संघर्ष किया गया है। अब मानिकपुर क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय से सीजीएम कार्यालय कोरबा तक का सड़क निर्माण कार्य जरूरी हो गया है। क्योंकि इसी मुख्य मार्ग पर कोयला कामगारों का आना-जाना लगा रहता है। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए इस सड़क का बनाना भी जरूरी हो गया है।

*__कोरबा।__ करवाचौथ को लेकर आज स्थानीय बाजार में काफी रौनक रही। कारोबारियों ने इस बात पर खुशी जताई कि खासतौर पर हिंदू त्योहारों के दौरान बिकवाली तेज हो रही है।

# रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर रहे, इस मौसम में रखना होगा ख्याल : डॉ. राजीव

**कोरबा।** आयुर्वेद में शोध करने के साथ एमडी की डिग्री प्राप्त डॉ. राजीव गुप्ता ने जानकारी दी है कि ठंड के तेवर इलाके में लगातार बढ़ रहे हैं।ठंड में जब तापक्रम के गिरने से तब सभी को स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरूरत पड़ती है। क्योंकि मौसम के परिवर्तन के साथ संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है जिससे कई तरह की संक्रामक बीमारियां का सामना करना पड़ सकता है।

लंबे समय से स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे डॉ. राजीव गुप्ता बताते हैं कि जाड़े का मौसम लोगों को बेहद पसंद आता है क्योंकि वो गर्मी के मौसम से बचना चाहते हैं, लेकिन अगर स्वास्थ्य को लेकर सतर्क न हुए तो बीमारियां घेर सकती है। तापमान के गिरने के साथ होने वाली संक्रामक बीमारियों



को लेकर जाड़े का मौसम शुरू होने वाला है ऐसे में अब तापमान में गिरावट भी आ रहा है। इस परिवर्तन के साथ प्रत्येक व्यक्ति को भी अपने हैबिट्स में बदलाव लाने की जरूरत होती है। सर्द के मौसम में मुख्य रूप से सर्दी खांसी बुखार और जोड़ों के दर्द की समस्या सामने आती है। ठंड के मौसम में होने वाले सर्दी, खांसी, बुखार से बचने ठंडी चीजों से परहेज करना होगा जैसे कि ठंडा पानी, आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक, बर्फ के गोले खट्टे चीजों को भी खाने से परहेज करें।

इम्यूनिटी पर ध्यान देना बहुत जरूरी है।

बदलते मौसम के साथ होने वाली संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए आपको अपने इम्यूनिटी पर विशेष ध्यान देना होता है। अगर रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत है तो आप को बीमारियों से लड़ने में सहायता मिलेगी। इम्यूनिटी सिस्टम बेहतर रखने प्रोटीन युक्त भोजन का सेवन करें। मांसाहार का सेवन करने वाले लोग अच्छे से पका हुआ मांस का पर्याप्त मात्रा में सेवन करें और शाकाहारी लोगों को अंकुरित चना,मूंग,फल्ली का सेवन करने से इम्यूनिटी सिस्टम बेहतर होता है और सबसे बेहद खास बात यह है कि दिन में काम से कम 40 मिनट एक्सरसाइज जरूरी है।

## सुनीति विश्वास को दी गई श्रद्धांजलि

**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित अनेक सामाजिक संगठनों ने श्रीमती सुनीति विश्वास के निधन पर शोक जताया है। उनके निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर संवेदना व्यक्त की गई। पिछले दिनों उनका 62 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रही



थी। वे अमरैयापारा कोरबा निवासी डॉ स्वप्न कुमार विश्वास की मां थी। वे अपने पीछे 2 पुत्रों का भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार चारमण्डल, उत्तर 24 परगना में सम्पन्न हुआ।

# 148वीं जयंती पर लौह पुरुष सरदार पटेल को किया याद

**कोरबा।** भारत के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 148वीं जयंती जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर द्वारा तुलसी नगर स्थित सरदार पटेल स्मारक एवं जिला कांग्रेस कार्यालय टी.पी. नगर में मनाई गई। यहां कांग्रेसजनों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हे शत् शत् नमन किया।

भारत की आजादी के बाद विभिन्न रियासतों के भारत में विलय कराने की प्रक्रिया के साहसिक फैसले का स्मरण करते हुए कोरबा विधायक जयसिंह अग्रवाल ने सरदार पटेल की निर्णय क्षमता को अद्भुत बताया। उन्होने बताया कि भारत के हित में काफी अच्छे कार्य सरदार पटेल की ओर से किये गये। इसी के आधार पर इन्हे लौह पुरुष की उपाधि हासिल हुई। वे अपने कार्यों के जरिए सदियों तक भारतीयों के मन मस्तिष्क में बसे रहेंगे।

महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि इतिहास में कई महापुरूष हुए हैं जिनमे




वल्लभभाई पटेल का नाम लिया जाता है। उन्होंने अपने प्रदर्शन से देश को काफी उंचाई दी। सभापति श्यामसुंदर सोनी ने कहा कि सरदार पटेल ने गृह मंत्री की भूमिका में भारत के लिये अनेक शानदार कार्य किये और विदेशों में हमारे देश का मान बढ़ाया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सपना चौहान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, कुर्मी क्षत्रिय कल्याण समिति के अध्यक्ष रामकुमार वर्मा, संरक्षक शिवचरण कश्यप, आरपी कुर्मीवंशी, द्रोपती वर्मा, डी.डी. कौशिक, हजारी लाल गभेल, मोहन पटेल, सीताराम कश्यप, गेंदलाल गभेल, महेन्द्र कौशिक, ब्लॉक अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा, बीएन सिंह, बंटी शर्मा, राजेश यादव, गीता यादव, एफडी महंत, महेन्द्र थवाईत, संजू अग्रवाल, एल्डरमेन सनत दिवान, अभिनव तिवारी, एससी ओगरे, अमित सिंह, संजू महराज, द्रोपती वर्मा, कांति यादव, गौरी सिंह, ए.डी. जोशी, शशी अग्रवाल, हाजी इकबाल दयाला, अविनाश बंजारे ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सरदार पटेल द्वारा देश हित में दिये गये योगदान का स्मरण किया।

## झंडा लगाने का काम शुरू

**कोरबा।** युवा मोर्चा के विधानसभा संयोजकों के मंडलों में दौरा होने के बाद सभी क्षेत्रों में झंडा लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। रामपुर विधानसभा क्षेत्र के संयोजक अजय कंवर ने मंडल कार्यकर्ताओं की बैठक ली है। जिसके बाद से भाजयुमो का कार्यकर्ता झंडा लगा रहे हैं।

श्रीं
प्लाट बेचना है
टीपी नगर व अमरैय्यापारा में प्लाट बेचना है शीघ्र
संपर्क करें
62681-46606











# छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस

## के गाड़ा-गाड़ा बधई अउ शुभकामना

# वादा है फिर निभाएंगे

- पहले की तरह किसानों का कर्ज माफ होगा
- KG से PG तक निःशुल्क शिक्षा मिलेगी, मेडिकल और इंजीनियरिंग भी
- गैस सिलेंडरों पर ₹500 प्रति सिलेंडर सब्सिडी महिलाओं के खातों में जमा होंगे
- 200 यूनिट तक मिलेगी बिजली मुफ्त
- 17.5 लाख गरीब परिवारों को मिलेगा खुद का आवास
- तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिलेगा ₹4,000 सालाना बोनस
- गरीब परिवारों को ₹10 लाख तक, APL परिवारों को ₹5 लाख तक इलाज की सहायता
- भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में ₹7,000 की जगह अब ₹10,000 सालाना
- महिला स्व सहायता समूहों तथा सक्षम योजनांतर्गत लिए ऋण होंगे माफ
- लघु वनोपजों की MSP पर देंगे अतिरिक्त ₹10/ प्रति किलो
- राज्य के सभी शासकीय स्कूलों का होगा स्वामी आत्मानंद स्कूलों में अपग्रेडेशन
- 700 नए ग्रामीण औद्योगिक पार्कों (रीपा) की करेंगे स्थापना
- सड़क एवं अन्य आकस्मिक दुर्घटनाओं पर होगा निःशुल्क इलाज
- परिवहन व्यवसायियों के ₹726 करोड़ का बकाया कर्ज होगा माफ
- तिवरा की भी होगी समर्थन मूल्य पर खरीदी
- जातिगत जनगणना करवाई जाएगी

पंजा का बटन दबाएंगे
कांग्रेस को जिताएंगे

भरोसा
बरकरार
फिर से कांग्रेस सरकार



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149 मोबाईल : 94252-24167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल Tarunpresskrb@gmail.com